Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 331 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शुक्रवार 05 जून 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा के टॉप-10 छात्रों का होगा सम्मान

## सीएम साय करेंगे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को सम्मानित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आगामी शुक्रवार 5 जून को दोपहर 2.30 बजे न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन रायपुर में एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप-10 में स्थान बनाने वाले पंजीकृत श्रमिक परिवारों के मेधावी बच्चों को सम्मानित करेंगे। इस गरिमामय अवसर पर श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**पात्रता एवं नियम**

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना का लाभ उठाने के लिए निम्नलिखित शर्तें अनिवार्य हैं। हितग्राही श्रमिक का श्रम कल्याण मंडल में कम से कम 90 दिन पूर्व से पंजीकृत होना आवश्यक है। यह वार्षिक प्रोत्साहन राशि पंजीकृत निर्माण श्रमिक के केवल प्रथम दो बच्चों को ही देय होगी। इस योजना का लाभ एक शैक्षणिक वर्ष में केवल एक बार ही लिया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह कल्याणकारी योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए एक बड़ा संबल प्रदान कर रही है।

**योजना के तहत मिलने वाले मुख्य लाभ**

योजना के अंतर्गत चयनित प्रत्येक मेधावी छात्र को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उच्च शिक्षा और आवागमन को सुगम बनाने के लिए दोपहिया वाहन क्रय करने हेतु 1 लाख रुपये का विशेष अनुदान देने का भी प्रावधान है। इस प्रकार प्रत्येक मेधावी विद्यार्थी को कुल रुपये 2,00,000/- का चेक वितरण कर लाभान्वित किया जाना है।

## यूपीएससी परीक्षा में चेहरा स्कैन किए बिना नहीं मिलेगी एंट्री



**नीट पेपर लीक के बाद सरकार का बड़ा कदम**

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद देश भर से विरोध और असंतोष के स्वर उभरने के बाद अब सरकार फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। इसके लिए एहतियातन कई कदम उठाए जा रहे हैं। अब सिविल सेवा परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता मजबूत करने और नकल या पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने चेहरा प्रमाणीकरण प्रोटोकॉल लागू किया है। सरकार का दावा है कि हाल ही में आयोजित सिविल सेवा और भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2026 में चेहरे की पहचान से संबंधित प्रोटोकॉल लागू किया गया था। यह प्रोटोकॉल यह तय करता है कि आवेदन पत्र भरते समय जिस उम्मीदवार की तस्वीर अपलोड की गई थी, वही परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होता है। यूपीएससी के अनुसार, इस प्रणाली ने परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षकों की ओर से मोबाइल फोन आधारित सत्यापन के माध्यम से उम्मीदवारों के लाइव, रियल टाइम फेस वैरिफिक्रेशन को सक्षम बनाया गया।

## केएस भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




**नईदिल्ली.** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 32 वर्षीय भरत ने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने क्रिकेट करियर, परिवार और उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भरत ने भारत के लिए कुल सात टेस्ट मैच खेले। वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 में भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे थे। हालांकि उन्हें कई अवसर मिले, लेकिन वह टेस्ट टीम में स्थायी जगह बनाने में सफल नहीं हो सके।

## प्रधानमंत्री मोदी ने प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप-2026 का किया शुभारम्भ

### बोले- योगासन को मिलेगी वैश्विक खेल पहचान



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप-2026 का किया शुभारम्भ, बोले- योगासन को मिलेगी वैश्विक खेल पहचान

गुजरात के अहमदाबाद में 4 जून से 8 जून तक आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप-2026 का गुरुवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अहमदाबाद की धरती से विश्व की खेल विरासत में एक नया अध्याय जुड़ रहा है और यह प्रतियोगिता योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

प्रधानमंत्री ने चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे विभिन्न देशों के प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यूनेस्को विश्व धरोहर शहर अहमदाबाद में इस आयोजन का होना पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विश्व योग दिवस से पहले आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता स्वास्थ्य और वेलनेस की डबल डोज की तरह है। पीएम मोदी ने कहा कि एक दशक पहले भारत संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव लेकर गया था। भारत का उद्देश्य अपनी प्राचीन परंपरा को पूरी मानवता के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र में 190 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। आज करोड़ों लोग योग, ध्यान और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना चुके हैं, जो इस पहल की सफलता का प्रमाण है।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हर जीवंत परंपरा समय के साथ नए चरण में प्रवेश करती है और विश्व योगासन चैंपियनशिप उसी नए चरण का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में योगासन भी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाएगा। उन्होंने कहा कि ओलंपिक या अन्य बहु-खेल आयोजनों में योगासन को शामिल करने की दिशा में यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



## पीएम मोदी से मिलीं वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति

**भारत को सस्ती तेल आपूर्ति पर हो सकती है बड़ी डील**

**नई दिल्ली।** होर्मुज संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ती चिंताओं के बीच वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस बैठक में भारत और वेनेजुएला के बीच ऊर्जा सहयोग को और मजबूत बनाने तथा तेल आपूर्ति बढ़ाने पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों के बीच जल्द ही एक महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति समझौता हो सकता है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी रोड्रिगेज से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत-वेनेजुएला संबंधों को मजबूत करने में रोड्रिगेज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत द्विपक्षीय सहयोग को नई दिशा देगी। एनर्जी एनालिटिक्स फर्म केप्लर के अनुसार, मई 2026 में वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। इस दौरान उसने सऊदी अरब और अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। केवल रूस और संयुक्त अरब अमीरात से ही भारत को अधिक तेल मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल की तुलना में मई में भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल आपूर्ति में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## पूर्वोत्तर बनेगा व्यापार, पर्यटन और तकनीकी नवाचार का हब: शाह




**नईदिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में उत्तरपूर्वी परिषद (एनईसी) की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति, विकास और संपर्क व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि 12 से अधिक शांति समझौतों, बेहतर कानून-व्यवस्था और रेल, सड़क तथा हवाई संपर्क के विस्तार ने न केवल भौगोलिक दूरी कम की है, बल्कि दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच दिलों की दूरी भी मिटाई है।

बैठक में केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मेघालय के राज्यपाल सी.एच. विजय शंकर, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजुमदार, गृह सचिव गोविंद मोहन और मंत्रालय के सचिव संजय जाजू सहित पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'पूर्वोदय' का लक्ष्य साकार हो रहा है। जो क्षेत्र कभी विवादों के लिए जाना जाता था, वह आज अवसरों और निवेश का केंद्र बन चुका है। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में 12 से अधिक शांति समझौतों के जरिए पूर्वोत्तर के लंबे समय से चले आ रहे विवादों का समाधान किया गया और 10,800 से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा का रास्ता अपनाया।

### सांसद संजय सिंह 7 जून को आएंगे रायपुर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह 7 जून को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर आएंगे। उनकी मौजूदगी में राजधानी के शहीद स्मारक भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी मुकेश अहलावत भी शामिल होंगे। पार्टी नेताओं के मुताबिक सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है।

## मोदी सरकार अमेरिका के सामने पूरी तरह सरेंडर, किसान तबाह हो जाएगा, राहुल का पीएम मोदी पर बड़ा हमला



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को खराब मौसम के कारण ऑडियो संदेश के माध्यम से अल्मोड़ा में जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति, कृषि, शिक्षा और आर्थिक नीतियों पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश की विदेश नीति पर स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता कमजोर कर दी है और भारत पर अमेरिका का दबाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने पूरी तरह सरेंडर कर दिया है। हमारे देश की विदेश नीति को अमेरिका कंट्रोल कर रहा है। राहुल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने देश की आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया है। अमेरिका भारत को दबाव में ले रहा है। वह तय कर रहा है कि भारत को किस देश से तेल खरीदना चाहिए और किससे नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान नीतियों के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था और कृषि क्षेत्र गहरे संकट में हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोल दिया। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार किया गया। अब अमेरिका के किसान- जो हाई टेक्नॉलजी इस्तेमाल कर खेती करते हैं, वो भारत में अपना सामान बेच पाएंगे, जिससे हमारे किसानों को बहुत नुकसान होगा। मोदी सरकार के इस कदम से हिंदुस्तान का किसान तबाह हो जाएगा। जीएसटी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि गलत तरीके से लागू की गई इस टैक्स व्यवस्था के कारण देश के छोटे-छोटे कारोबार बंद हो गए।

## 'उन्नत कृषि महोत्सव' से आगे बढ़ा रोडमैप, किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर मध्य प्रदेश के रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिलों के लिए तैयार विशेष कृषि रोडमैप अब कृषि परिवर्तन के एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। रायसेन में आयोजित 'उन्नत कृषि महोत्सव' के दौरान की गई घोषणा को आगे बढ़ाते हुए शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक कर रोडमैप के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह रोडमैप केवल एक सरकारी दस्तावेज नहीं, बल्कि किसान की आय बढ़ाने, जल संरक्षण, मिट्टी की सेहत सुधारने, वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने और विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण पर आधारित एक जवाबदेह मिशन है। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता का सबसे बड़ा पैमाना किसानों की शुद्ध आय में होने वाली वृद्धि होगी।

### रायपुर के कारोबारी से 84 लाख की ठगी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट और आईपीओ में भारी मुनाफा दिलाने का लालच देकर ठगों ने कारोबारी और उसके परिचितों से 84 लाख 63 हजार रुपए की ठगी की है। मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मामला देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 देवेंद्र नगर निवासी अविनाश लोखंडे शेयर बाजार से जुड़ी एक ब्रोकिंग फर्म का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि जून 2025 में कुछ लोगों ने व्हाट्सऐप के जरिए से उनसे संपर्क किया था।

## तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट, 5 दिन होगा झमाझम



**चेन्नई।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पड़ोसी राज्य केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रवेश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कन्याकुमारी जिले में अगले पांच दिन बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मानसून के मजबूत होने के कारण यहां लगातार तेज बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसके अलावा तेनकासी और तिरुनेलवेली जिलों में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं नीलगिरि, कोयंबटूर, थेनी, तिरुप्पुर, डिंडीगुल, इरोड, सलेम, धर्मपुरी, कृष्णागिरि, तिरुपत्तूर, वेल्लोर, रानीपेट और तिरुवन्नामलाई जिलों के पहाड़ी और आसपास के इलाकों में भी भारी बारिश हो सकती है।

## भारत की विदेशी तेल-गैस पर निर्भरता होगी बंद 37,500 करोड़ रुपये की योजना को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया के युद्ध और कतर संकट के बीच भारत सरकार ने विदेशी ऊर्जा की निर्भरता को खत्म करने के लिए 37,500 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। भारत अपनी 50 प्रतिशत से अधिक एलएनजी और 90 प्रतिशत मेथोनॉल के लिए विदेशों पर निर्भर है। इस कमजोरी को दूर करने के लिए सरकार ने देश के पांचवें सबसे बड़े कोयला भंडार को 'सिनगैस' (गैस) में बदलने का बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत घरेलू कोयले की राख से निपटने के लिए स्पेशल तकनीक का इस्तेमाल कर यूरिया और ईंधन का उत्पादन यहीं किया जाएगा, जिससे भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा।

विदेशी ताकतों और प्रतिबंधों की धमकियों के बीच सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 'स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ सरफेस कोल एंड लिग्नाइट गैसीफिक्रेशन प्रोजेक्ट्स' के लिए पूरे 37,500 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत भारत अपने विशाल कोयला भंडार को 'सिनगैस' में बदलेगा। यह एक ऐसी गैस है जिससे खाद, केमिकल, मेथोनॉल और सिंथेटिक नेचुरल गैस बनाई जा सकती है। भारत वर्तमान समय में 20त्न यूरिया और 100त्न अमोनिया बाहर से मंगाता है। भारत अपनी कुल जरूरत की करीब 40-50 प्रतिशत लिक्विफाइड नेचुरल गैस अकेले कतर से लेता है।

## इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका, 8 जून की बैठक में नहीं जाएगी डीएमके



**चेन्नई।** तमिलनाडु में थलपति विजय की सरकार में कांग्रेस के शामिल होने के कारण इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। विजय का साथ देने की वजह से द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने कांग्रेस से दूरी बना ली है। आठ जून को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया की बैठक से डीएमके शामिल नहीं होगी। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस ने जो उनके साथ चुनाव के बाद विश्वासघात किया है, उससे पार्टी के कार्यकर्ता अब भी काफी आहत महसूस कर रहे हैं।

एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके ने 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली प्रस्तावित इंडिया ब्लॉक की बैठक से दूर रहने का फैसला किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के बाद हुए नाटकीय राजनीतिक पुनर्गठन के मद्देनजर कांग्रेस के साथ उसके संबंधों में गहरी दरार का संकेत देता है। यह विवाद कांग्रेस के उस फैसले के बाद सामने आया है जिसमें उसने डीएमके की लंबे समय से सहयोगी रही कांग्रेस के बावजूद अभिनेता विजय की टीवीके को तमिलनाडु में सरकार बनाने में समर्थन दिया है। इस कदम से डीएमके नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया हुई, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से कांग्रेस पर विश्वासघात और पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए दशकों पुरानी साझेदारी को तोड़ दिया है। यह दरार संसद में भी दिखने लगी है। संबंधों में आई दरार का एक महत्वपूर्ण संकेत देते हुए, डीएमके सांसद कनिमोझी ने हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की। इसमें उन्होंने कांग्रेस से अलग होने के बाद बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों का हवाला दिया। इस कदम को व्यापक रूप से इंडिया ब्लॉक के भीतर दरार की पहली औपचारिक अभिव्यक्ति के रूप में देखा गया।

# भाजपा की विजय जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम : मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ में विकास और सुशासन की राजनीति को मिला जनसमर्थन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के विभिन्न नगर पंचायतों में हुए निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी को मिले जनसमर्थन के लिए प्रदेश की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सहसपुर लोहारा, बम्हनीडीह और शिवनंदनपुर नगर पंचायतों में भाजपा प्रत्याशियों की विजय छत्तीसगढ़ की जनता के सुशासन, विकास और जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति अटूट विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव के परिणाम यह दर्शाते हैं कि प्रदेश की जनता विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। जनता ने अपने मत के माध्यम से यह संदेश दिया है कि वह सकारात्मक बदलाव, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहे छत्तीसगढ़ के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की यह सफलता केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठन की सामूहिक शक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक अथक परिश्रम कर संगठन की विचारधारा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया, जिसके परिणामस्वरूप जनता ने भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प पर जनता की मुहर है। केंद्र और राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता को जनता का व्यापक समर्थन मिला है।मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विजयी जनप्रतिनिधि जनसेवा, विकास और सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित करेंगे तथा अपने-अपने क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में भाजपा समर्थित सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल से प्राप्त यह जनसमर्थन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, सुशासन और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत स्तर पर मिली यह सफलता भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की सफलता गांव-गांव तक पहुंचे विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनता के विश्वास का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का यह स्नेह और विश्वास भाजपा सरकार को और अधिक समर्पण, जवाबदेही तथा सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। राज्य सरकार प्रदेश के विकास, गरीब कल्याण, युवाओं, किसानों, महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

# गौ संरक्षण के साथ पर्यावरण बचाने का अनूठा मॉडल बना मनोहर गौशाला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर खैरागढ़ की मनोहर गौशाला ने गौ संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के संयुक्त मॉडल को सामने रखा है। गौशाला में पिछले पांच वर्षों के दौरान करीब 5000 पौधे लगाए गए हैं और एक हरित वन क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। गौवंश और वन्य जीवों की जल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए परिसर में विशाल तालाब भी बनाया गया है। संस्था का कहना है कि प्रकृति, पर्यावरण और गौ संरक्षण के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य तैयार किया जा सकता है।मनोहर गौशाला पिछले कई वर्षों से गौ सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी लगातार कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य ऐसा प्राकृतिक वातावरण तैयार करना है, जहां गौवंश खुले वातावरण में विचरण कर सके और जैव विविधता को बढ़ावा मिले। गौशाला द्वारा विकसित किया जा रहा हरित क्षेत्र भारतीय परंपरा की गोचारण व्यवस्था से प्रेरित बताया गया है। इसके साथ ही गौ आधारित जैविक उत्पादों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि भूमि, जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक खेती और वृक्षारोपण दोनों जरूरी हैं।पर्यावरण संरक्षण का संदेशविश्व पर्यावरण दिवस पर मनोहर गौशाला के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी डॉ. अखिल जैन ने नागरिकों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील की है। संस्था ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने, प्लास्टिक और रासायनिक प्रदूषण कम करने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा गौ एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सहभागिता बढ़ाने का भी आह्वान किया है।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31756/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31756**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652J00471** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL GIRDHAR LAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAGUN RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL KEWAL RAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NAGESHWAR PRASAD SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा, पार्षद प्रतिवेदन एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31662/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31662**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1824U** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY SACHDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARICHAND SACHDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. AJAY MAKHIJA 2. MANISH SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SW. MURLIDHAR MAKHIJA 2. UMESH SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31663/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31663**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1824S** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEVENDRA PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAVEEN BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. AJAY MAKHIJA 2. MANISH SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SW. MURLIDHAR MAKHIJA 2. UMESH SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31664/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31664**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1824T** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY SACHDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARICHAND SACHDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. AJAY MAKHIJA 2. MANISH SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SW. MURLIDHAR MAKHIJA 2. UMESH SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31665 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31665**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1824Q** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJAY SACHDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARICHAND SACHDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. AJAY MAKHIJA 2. MANISH SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SW. MURLIDHAR MAKHIJA 2. UMESH SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31666/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31666**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1824N** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SACHIN SACHDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHNUMAL SACHDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. AJAY MAKHIJA 2. MANISH SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. SW. MURLIDHAR MAKHIJA 2. UMESH SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31674/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31674**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446K00263** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VIRENDRA NARANYAN SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. MAHADEV SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHASHANK BHOGAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJKUMAR BHOGAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31676/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31676**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G00137** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEVENDRA MARWAH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH KUMAR MARWAH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHYAMSUNDAR TALREJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NANUMAL TALREJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31678/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31678**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00580** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANWAR MAL PRAJAPATI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRILAL CHAND PRAJAPATI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PREM CHOUDHARY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHENARAM CHOUDHARY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31682/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31682**
**वार्ड का नाम- 50 -पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00087** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **THE EGG INDUSTRIES DWARA- ACHIN BANERJEE** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ITISHREE DHIRDEO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEBABRATA DHIRDEO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31743/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31743**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J0422A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. MD. ARSHAD , 2. REHANA TAHSIN , 3. KU. FARHANA YASMIN , 4. AARIFA TAHERA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. H. MD. AKBAR , ASGAR ALI , SAYYAD RAJJAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRADEEP SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DUKHU RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31745/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31745**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446M00845** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. RAVINA NAGPAL , 2. MS ISHANYA GROUP BHAGIDAR - RAVINA NAGPAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. VIJAY NAGPAL , , DEEPAK BALWANI S/O NAND LAL BALWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEB TILAK GHOSH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. PRAFHULL KUMAR GHOSH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31755/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31755**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652J0471A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL NAGESHWAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAGUN RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL DAULATRAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAGUN RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31762/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 04-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31762**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M01926** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. JANKI SAHU , 2. BASNT BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHISH SAHU , RAMSAY SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JANKI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHISH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31625/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31625**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R0573M** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MS AYUSH CONSTRUCTION DWARA BHAGIDAR - DILESHWAR SONWANI AND OTHERS** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KUNTI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAXMINARAYAN SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31628/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31628**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R00854** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ROSHNI MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUDHIR KUMAR MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. BIMLA SAHU 2.YAMINI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. BIRENDRA KUMAR SAHU 2. BIRENDRA KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31629 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31629**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **54** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R0207A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DAMODAR PARK BHAGIDAR MOHD. INAM ULLA, MO. AFJAL KHAN, VINAY SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PARVEZ RIZVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SALIM RIZVI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./31623/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31623**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G00086** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AMRIT LAL NAGAR, SARITA NAGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BAJRANG LAL NAGAR, AMRIT LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RESHMA DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAIALSH KUMAR BIJLANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./31538/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31538**
**वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **12** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330C00148** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. BABITA BAGHEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **SADHU BAGHEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RANJITA BAGHEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **SW. SADHU BAGHEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन,**
**व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एम.आई.जी योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई. जी-II/80 सेक्टर 02 में श्री इतवारी राम कंवर पिता फगुवा राम कंवर** को भाड़ाक्रय / स्ववित्तीय आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक **05.04.2023** एवं उनकी पत्नी श्रीमती सुरज कंवर की मृत्यु **दिनांक 05.10.2025** को हो जाने के कारण उनके वारिस **1. श्री पूर्णेन्द्र सिंह कंवर 2. श्री संतोष कंवर दोनों के पिता स्व. श्री इतवारी राम कंवर** द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र / सहमति पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन **1. श्री पूर्णेन्द्र सिंह कंवर 2. श्री संतोष कंवर दोनों के पिता स्व. श्री इतवारी राम कंवर** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /31656/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 03-06-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31656**
**वार्ड का नाम- 9 - पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226S01005** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANU SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SACHIN GANGADHAR GAWALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GANGADHAR GAWALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
दैनिक
विश्व परिवार



# नगर पंचायत शिवनन्दनपुर निर्वाचन परिणाम घोषित, अध्यक्ष पद पर रितेश जायसवाल विजयी

## 15 वार्डों में पार्षद पद किसको कितने मिले मत एक नजर मतगणना हुआ संपन्न



भाजपा के विजई उम्मीदवार रितेश जायसवाल



भाजपा के विजई उम्मीदवार रितेश जायसवाल

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए हुए निर्वाचन के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के रितेश जायसवाल ने 2028 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी इण्डियन नेशनल कांग्रेस के संजय सोनी को 1666 मत तथा आम आदमी पार्टी के सतपाल साहू को 214 मत प्राप्त हुए।

पार्षद पद पर वार्ड क्र. 01 से जय किशन जायसवाल (आप) को 02 वोट, राजेन्द्र प्रसाद यादव (कांग्रेस) को 95 वोट, श्यामू साहू (भाजपा) को 205 वोट और प्रवीण कुमार शाह (निर्दलीय) को 21 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 02 से में आंचल यादव (कांग्रेस) को 79 वोट और प्रमिला साहू (भाजपा) को 122 वोट मिले। वार्ड क्र. 03 से अजय घोष (आप) को 04 वोट, अंशुल गोयल (कांग्रेस) को 141 वोट और राजेश जैन (भाजपा) को 73 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 04 से मंजू खेमचंद गोयल (भाजपा) को 126 वोट, सीमा (आप) को 04 वोट, विनेश्वरी सान्डिल (कांग्रेस) को 92 वोट, साथ ही प्रीती विश्वकर्मा को 03 वोट, शषिकला गुप्ता को 51 वोट और सुनैना देवी निर्दलीय को 91 वोट प्राप्त हुए। वार्ड क्र. 05 से अनिता सिंह (भाजपा) को 67 वोट, नीलम सिंह (आप) को 36 वोट, विमला सिंह (कांग्रेस) को 121 वोट और नीरा सिंह (निर्दलीय) प्रत्याशी को 32 वोट मिले। वार्ड क्र. 06 से बृजेन्द्र सिंह (कांग्रेस) को 118 वोट, महेन्द्र सिंह (आप) को 11 वोट, सुरेश कुमार बखला (भाजपा) को 49 वोट और मनोज सिंह (निर्दलीय) को 32 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 07 से अंजली राजवाड़े (भाजपा) को 138 वोट, शम्मा परवीन (कांग्रेस) को 119 वोट, सेनअब्बा खान (आप) को 05 वोट सहित अनिता देवी को 04 वोट, संगीता सिंह को 47 वोट और सिंधु अजय घोष को निर्दलीय से 15 वोट मिले। वार्ड क्र. 08 से अमित मित्तल (भाजपा) को 83 वोट, हर्ष दनौदिया (कांग्रेस) को 122 वोट और मोनू बलराम पठारी (आप) को 01 वोट मिले है। वार्ड क्र. 09 से संतोष जायसवाल (कांग्रेस) को 113 वोट, तारकेश्वर पटेल (भाजपा) को 106 वोट और बिजेन्द्र कुमार यादव (निर्दलीय) को 11 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 10 से राजेश जायसवाल (कांग्रेस) को 32 वोट, वर्षा जायसवाल (भाजपा) को 121 वोट और रमेश कुमार सिंह (निर्दलीय) को 70 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 11 से चन्दन सिंह (कांग्रेस) को 80 वोट, संतोष पाठक (भाजपा) को 34 वोट और कुन्दन विश्वकर्मा (निर्दलीय) को 66 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 12 में मनी बग्गा (भाजपा) को 127 वोट, राजकुमार टोप्पो (कांग्रेस) को 04 वोट, विजय पठारी (आप) को 01 वोट और दीपक सोनी (निर्दलीय) को 56 वोट मिले है। वार्ड क्र. 13 से अहमद वाहिद (कांग्रेस) को 191 वोट, राजू पाटले (भाजपा) को 157 वोट और सुनीता बाई गुप्ता (आप) को 12 वोट मिले हैं। वार्ड क्र. 14 से आकांक्षा गुप्ता (भाजपा) को 141 वोट और दीपमाला सोनी (कांग्रेस) को 173 वोट मिले है। वार्ड क्र. 15 से प्रशांत अग्रवाल (भाजपा) को 167 वोट और सन्नी अग्रवाल (कांग्रेस) को 120 वोट मिले हैं।

# 46 लाख की पेयजल योजना बनी शोपीस, बैजनपाठ के 30 से अधिक परिवार एक साल से पानी के लिए परेशान

## करोड़ों के दावों के बीच जमीनी हकीकत उजागर, बंद पड़े सोलर पंप से ग्रामीणों में आक्रोश



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** शासन द्वारा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के बैजनपाठ गांव की स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत खोहीर के आश्रित ग्राम बैजनपाठ में लगभग 46 लाख रुपये की लागत से स्थापित सोलर आधारित पेयजल योजना पिछले एक वर्ष से दम तोड़ रही है। योजना का मुख्य सोलर पंप बंद होने के कारण गांव के मझारी टोला और पूर्वी टोला के 30 से अधिक परिवार गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, उपका घाट क्षेत्र में सोलर पंप स्थापित कर पाइपलाइन के माध्यम से गांव तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। योजना शुरू होने के बाद ग्रामीणों को कुछ समय तक इसका लाभ मिला, लेकिन मोटर खराब होने के बाद पूरी व्यवस्था ठप हो गई। स्थिति यह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को आज भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

गांव के निवासी राधेश्याम साकेत ने बताया कि संबंधित सोलर पंप लगभग एक साल से बंद पड़ा हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद आज तक इसे चालू नहीं कराया गया। इसके कारण पूर्वी टोला और मझारी टोला के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के जलस्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पेयजल संकट की खबरें लगातार मीडिया के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाई गईं, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने समस्या के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। परिणामस्वरूप आज भी लोग पुराने जलस्रोतों और प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं।

**दो दिन पहले एक पंप चालू, दूसरा अब भी बंद-** ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थापित एक अन्य सोलर ड्यूल पंप में हाल ही में नया पंप लगाकर उसे चालू कर दिया गया है, जिससे कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। लेकिन जिस पंप से मझारी टोला और पूर्वी टोला को पानी मिलना था, वह अब भी बंद पड़ा हुआ है। इससे प्रभावित परिवारों की परेशानी जस की तस बनी हुई है।

**पंचायत दे 35 हजार, तब लगेगा नया पंप : ब्लॉक प्रभारी-** इस मामले में जब क्रेडा विभाग के ब्लॉक प्रभारी घनश्याम साहू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित पंप की वारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है। यदि पंचायत लगभग 35 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराती है तो नया पंप लगाकर व्यवस्था को पुन: चालू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग के पास फिलहाल इसके लिए कोई बजट उपलब्ध नहीं है।जिला प्रभारी का दावा ‌ पंप चालू, पानी की समस्या नहीं

वहीं क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव ने दावा किया कि संबंधित पंप को चालू करा दिया गया है और वहां अब पानी की कोई समस्या नहीं है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर स्थिति अभी भी सामान्य नहीं हुई है और प्रभावित टोले के लोगों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल रहा है।एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर लाखों की योजनाएं रखरखाव के अभाव में दम तोड़ रही हैं। बैजनपाठ की यह योजना भी अब सवालों के घेरे में है कि आखिर 46 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष क्यों करना पड़ रहा है?ग्रामीणों ने कलेक्टर सूरजपुर और जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर बंद पड़े सोलर पंप को तत्काल चालू कराया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पेयजल व्यवस्था पूरी तरह बहाल नहीं होती, तब तक क्षेत्र के लोगों को राहत नहीं मिल पाएगी।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या 46 लाख रुपये की यह योजना केवल कागजों तक सीमित रह जाएगी, या फिर प्रशासन ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएगा?ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर से मांग की है कि बैजनपाठ गांव की पेयजल समस्या की तत्काल जांच कराई जाए तथा एक वर्ष से बंद पड़े सोलर पंप को अविलंब बदलकर नया पंप स्थापित कराया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण दर्जनों परिवार पेयजल संकट झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की है कि मामले में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जनहित योजनाएं उपेक्षा का शिकार न हों।

# नगर पंचायत शिवनंदनपुर का प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष रितेश जायसवाल भारी मतों से हुए विजई भाजपा ने निकली विशाल विजय जुलूस मनाई खुशियां



*विजय प्रत्याशी रितेश जायसवाल मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े विधायक भूलन सिंह मरावी निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण पत्र लेते हुए*



*विजेता भाजपा के पार्षद विजय श्रम का निशाना दिखाते हुए*



*भाजपा की विजय पार्षद*

## वार्ड पार्षद पर भाजपा सात एवं कांग्रेस के आठ पार्षद हुए निर्वाचित उपाध्यक्ष पद के लिए दोनों पार्टियों में गुणा गणित जारी

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** नवगठित शिवनंदनपुर नगर पंचायत के पहले चुनाव में कमल फूल खिला। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की ताबड़तोड़ जल संपर्क ने अध्यक्ष पद पर कमल खिला दिया । भाजपा के संगठित टीम ने अपनी राजनीतिक बैठ ने जबरदस्त बढ़त बनाकर यह साबित करते हुए संदेश दिया कि महिला बाल विकास मंत्री जी राजनीतिक चमक में अभी भी कोई कमी नहीं आई है जनता में पूर्व की तरह लोकप्रियता कायम है। मंत्री के चुनावी क्षेत्र में नवगठित नगर पंचायत का प्रथम भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल को लोगों ने अपना प्रथम नगर पंचायत का अध्यक्ष निर्वाचित हुए कर भरपूर प्यार उसके झोली में डाल दी है। भाजपा में अन्य पार्टियों से पलायंकर आने वाले कार्यकर्ताओं ने स्थापित कर दिया है कि हम पार्टी में आए जरूर है परंतु पार्टी के प्रति निष्ठावान नहीं है ऐसे ही कार्यकर्ताओं के कारण पार्टी ने कर अपने होने वाले पार्षदों को जितने में रोड उत्पन्न की परिणामत : पार्षद पदों के नतीजों में कांग्रेस ने 8 पार्षद जीत कर अपनी मजबूत होने का अहसास कराया। अध्यक्ष पद पर भाजपा की जबरदस्त सफलता मिली। वार्डों में भाजपा में आए नए कार्यकर्ता जो पार्टी एवं मंत्री विधायक का खास बनते हैं उन्हीं लोगों के कारण मिला जिला जनादेश आया जिस कारण से कांग्रेस को 8 पार्षद एवं भाजपा के साथ पार्षद ही विजई रहे जिससे भाजपा को उपाध्यक्ष बनाने का सपना टूटता नजर आ रहा है इसके बाद भी भाजपा और कांग्रेस की नजरें उपाध्यक्ष पद पर है परंतु कांग्रेस अपना उपाध्यक्ष पद के लिए आश्वस्त नजर आ रही हैं हालांकि कि दोनों पार्टियों के नेता उपाध्यक्ष अपना उपाध्यक्ष बनाने के लिए समीकरणों रास्ता तलाश रहे है।

**नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा के रितेश जायसवाल ने 2028 मत पा कर कांग्रेस के संजय सोनी को 1666 मतों पर ही समेट दिया-** अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल को 2028 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी संजय सोनी को 1666 मत मिले। इस प्रकार रितेश जायसवाल ने 362 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को 214 मत प्राप्त हुए। शिवनंदनपुर नगर पंचायत बनने के बाद यह पहला चुनाव था, इसलिए इसे क्षेत्र की राजनीति का प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबला माना जा रहा था। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ने पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा की ओर से महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मीराजवाड़े, विधायक भूलन सिंह मरावी सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने लगातार मोर्चा संभाला, वहीं कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने भी जनसभाओं और जनसंपर्क के जरिए मुकाबले को पूरी तरह प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया था। नगर पंचायत में लगभग 85 प्रतिशत मतदान के बाद आए नतीजों ने भाजपा को अध्यक्ष पद पर जीत तो दिला दी, लेकिन आंख बंद कर भाजपा में आने वाले नए कार्यकर्ताओं ने पार्षद के परिणामों को प्रभावित किया जिससे भाजपा का उपाध्यक्ष बनता नहीं दिख रहा रहा है।पार्षद पद पर नजर डाले तो भाजपा के वार्ड क्रमांक 1 से श्यामू साहू, 2 से प्रमिला साहू, 4 से मंजू गोयल, 7 से अंजलि राजवाड़े, 10 से वर्षा जायसवाल, 12 से मनी बग्गा तथा 15 से प्रशांत अग्रवाल विजयी रहे इस प्रकार 7 पार्षद सफल हुए जो उपाध्यक्ष बनाने में असफल नजर आ रहे हैं। वहीं कांग्रेस से वार्ड क्रमांक 3 से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष गोयल का पुत्र अंशुल गोयल, 5 से पूर्व सरपंच विमला सिंह, 6 से पूर्व पंच विजेंद्र सिंह, 8 से कांग्रेस के युवा नेता रमेश दामोदिया का भतीजा हर्ष दनौदिया, 9 से संतोष जायसवाल, 11 से कांग्रेस का लोकप्रिय युवा नेता चंदन सिंह, 13 से पांच बार पांच रहे अहमद वाहिद खान तथा 14 से दीपमाला सोनी ने जीत दर्ज की। इस प्रकार 15 वार्डों में से कांग्रेस को 8 और भाजपा को 7 वार्डों में सफलता मिली।

**भाजपा के विजयी प्रत्याशी पीठासीन अधिकारी शिवानी जायसवाल से प्रमाण पत्र प्राप्त कर हनुमान मंदिर में की पूजा और निकाली रैली-** भाजपा के अध्यक्ष पद पर रितेश जायसवाल की विजय होने की खबर लगते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश जायसवाल के नेतृत्व में आभार रैली निकाली गई। रैली निर्वाचन कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उनके निवास तक पहुंची, जहां मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया । रैली में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, अशोक सिंह, ठाकुर राजवाड़े, राजेश्वर तिवारी , राजेश यादव, निर्मला यादव इंजीनियर विनय सिंह ,दीपेंद्र सिंह चौहान, सत्यनारायण जयसवाल, रामानंद जायसवाल, दीपक गुप्ता, भगवान मिश्रा, हरीश राजवाड़े, नूतन विश्वास, श्यामा पांडे मुकेश गर्ग शशि तिवारी, विजय अग्रवाल अशोक अग्रवाल नितिन गोयल सुमित मित्तल रुकमणी सिंह. समीर सिंह. संस्कार अग्रवाल सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नेत्राडाइन और एनएचईवी ने भारत के ई-हाईवे नेटवर्क पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई गति देने के लिए किया सहयोग

एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित फ्लीट सुरक्षा एवं परिचालन तकनीक में वैश्विक अग्रणी कंपनी नेत्राडाइन (Netradyne) ने आज घोषणा की कि वह भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग इलेक्ट्रिक वाहन कार्यक्रम (NHEV) के उभरते इलेक्ट्रॉनिक हाईवे नेटवर्क के लिए इंटेलिजेंस और सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएगी। इस पहल के तहत एनएचईवी के एकीकृत ई- हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक उन्नत डिजिटल इंटेलिजेंस लेयर जोड़ी जाएगी, जिससे लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुरक्षित, कनेक्टेड और भरोसेमंद बनाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्राडाइन के एआई-संचालित समाधान चरणबद्ध तरीके से एनएचईवी समर्थित कॉरिडोर पर संचालित वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में लगाए जाएंगे। इससे फ्लीट की रियल-टाइम निगरानी, संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान, ड्राइवर व्यवहार का विश्लेषण और परिचालन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह सहयोग पूर्व में किए गए पायलट प्रोजेक्ट्स के अनुभवों पर आधारित है और एक तकनीक-सक्षम हाईवे इकोसिस्टम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एनएचईवी देशभर में इलेक्ट्रॉनिक हाईवे विकसित करने के राष्ट्रीय विजन पर कार्य कर रहा है, जिनका उद्देश्य बड़े पैमाने पर कनेक्टेड और विश्वसनीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। वर्ष 2027 तक 26 प्रमुख हाईवे कॉरिडोर पर विस्तार की योजना बनाई गई है।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया edge 70 pro+, जो 2026 का सबसे स्टाइलिश फ्लैगशिप किलर स्मार्टफोन है

मोबाइल टेक्नोलॉजी व इनोवेशन में वैश्विक अग्रणी और भारत के प्रमुख 9 एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज motorola edge 70 pro+ लॉन्च किया, जो 2026 का सबसे स्टाइलिश ऑल-राउंडर फोन है। बिना किसी समझौते के फ्लैगशिप अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्मार्टफोन, प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, प्रीमियम व विशिष्ट फिनिश, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, नेक्स्ट-जेन moto ai अनुभवों और फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस का एक शानदार संयोजन है। इस डिवाइस में क्वाड 50MP प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व कम रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए motoAI से लैस एडवांस सोनी LYTIA 710 कैमरा करता है। इसके साथ ही इसमें 50× एआई सुपर ज़ूम प्रो के साथ 50MP का 3.5× पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, 50MP का अल्ट्रा-वाइड + मैक्रो विज़न कैमरा और ऑटो फोकस के साथ 50MP का क्वाड पिक्सेल सेल्फी कैमरा शामिल है। एडवांस ऑन-डिवाइस एआई क्षमताओं वाले मीडियाटेक डाइमेंशन 8500 एक्सट्रीम प्रोसेसर से पावर्ड, motorola edge 70 pro+ में पैंटोनड्ढ द्वारा चुने गए रंगों में शानदार सैटिन-लक्स, स्कल्प्टेड वुड और ट्विल इंस्पायर्ड फिनिश के साथ 'कलेक्शंस बाय मोटोरोला' को पेश किया गया है। एक शानदार 144H5 1.5K ट्रू कलर क्वाड-कर्व्ड पैंटोनड्ढ वैलिडेटेड डिस्प्ले, 90W टर्बोपावर™ चार्जिंग और 15W वायरलेस चार्जिंग के साथ आने वाली विशाल 6500mAh सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, और IP68 + IP69 मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ मिलकर यह डिवाइस एक संपूर्ण फ्लैगशिप स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

### किफायती फूड ऐप 'टोइंग' अब रायपुर में उपलब्ध

रायपुर: किफायती फूड डिलीवरी ऐप 'टोइंग' ने आज जालंधर में अपने लॉन्च की घोषणा की। पिछले 7+ महीनों में, टोइंग ने अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए भारत के 45 शहरों में अपनी मौजूदगी दर्ज की है और यह अपने ऐप पर खाने-पीने की सभी चीजों पर सबसे कम कीमत की गारंटी देता है, जो रेस्टोरेंट के टेबल मेन्यू की कीमत के बराबर या उससे कम होती है। इसके अलावा, टोइंग पर किए गए किसी भी ऑर्डर पर न तो पैकेजिंग चार्ज लिया जाता है और न ही कोई प्लेटफॉर्म फीस। इससे टोइंग बाजार में उपलब्ध सबसे किफायती फूड डिलीवरी ऐप बन जाता है। यूजर्स इस ऐप पर बिरयानी, बर्गर और बाउल जैसे कई तरह के व्यंजन 99 रुपये से कम में ऑर्डर कर सकते हैं। टोइंग, जिसे 2025 की दूसरी छमाही में पहली बार पुणे में लॉन्च किया गया था, अब आगरा, वडोदरा, गुवाहाटी, नासिक, नागपुर, पटना, औरंगाबाद, भोपाल, दिल्ली, मेरठ, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, चंडीगढ़, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, इंदौर, भुवनेश्वर, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, लुधियाना, कोयंबटूर, विशाखापट्टनम, सूरत, मंगलुरू, राजकोट, देहरादून, मुदराई, तिरुपति, गोवा, जम्मू, कोटा, मैसूर, रांची, जालंधर और पटियाला में भी लाइव है।

# संपादकीय

## आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मर्यादा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।

# विश्व पर्यावरण दिवस अब जलवायु के लिए

डॉ यतीश जैन

विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आयोजित स्टॉकहोम सम्मेलन के बाद हुई थी। वर्ष 1973 से यह दिवस नियमित रूप से मनाया जाने लगा। इसका उद्देश्य विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी बढ़ाना तथा सरकारों, संस्थाओं और नागरिकों को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करना है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा पर्यावरण जनजागरण अभियान बन चुका है जिसमें 150 से अधिक देश भाग लेते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का वैश्विक केंद्र जलवायु परिवर्तन को बनाया गया है। वर्ष 2026 की थीम नाउ फार क्लाइमेट अर्थात अब जलवायु के लिए मानी जा रही है। इसका मूल संदेश यह है कि जलवायु परिवर्तन भविष्य की नहीं बल्कि वर्तमान की चुनौती है और अब तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। इस अभियान में यह बताया जा रहा है कि पृथ्वी लगातार संकेत दे रही है—बढ़ता तापमान, ग्लेशियरों का पिघलना, जंगलों में आग, समुद्र स्तर में वृद्धि, सूखा और बाढ़ जैसी घटनाएँ मानव सभ्यता के लिए चेतावनी हैं। इसलिए केवल चर्चा नहीं बल्कि त्वरित और सामूहिक कार्यवाही आवश्यक है। वर्ष 2026 के लिए मेजबान देश Azerbaijan को बनाया गया है। विश्व स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अब केवल वृक्षारोपण या प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित प्रयास नहीं हो रहे, बल्कि सतत विकास की अवधारणा पर बल दिया जा रहा है। सतत विकास का अर्थ है कि वर्तमान पीढ़ी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति इस प्रकार करे कि भविष्य की पीढ़ियों के संसाधन प्रभावित न हों। इसी उद्देश्य से जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी, नवीकरणीय ऊर्जा, प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण और जल संरक्षण पर वैश्विक अभियान चलाए जा रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। भारत में हिमालय, वन, नदियाँ, रेगिस्तान, समुद्री तट और जैव विविधता के विशाल क्षेत्र हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरणीय चुनौतियाँ भी तेजी से बढ़ी हैं। वायु प्रदूषण, जल संकट, प्लास्टिक कचरा, वन विनाश और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि भारत सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्रीय नीति और विकास मॉडल का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है। भारत सरकार द्वारा मिशन लाइफ अर्थात Lifestyle for Environment अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसका उद्देश्य लोगों की जीवनशैली को पर्यावरण अनुकूल बनाना है। इसमें जल बचाना, बिजली की बचत, प्लास्टिक का कम उपयोग, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा पुनर्चक्रण जैसी आदतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह अभियान इस विचार पर आधारित है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों का कार्य नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। भारत सरकार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान भी प्रारंभ किया है, जिसके अंतर्गत नागरिकों को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक और सामाजिक आंदोलन का रूप दिया है। देशभर में लाखों पौधे लगाए जा रहे हैं और स्कूलों, पंचायतों तथा सामाजिक संस्थाओं को इससे जोड़ा गया है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जलवायु नेतृत्व प्रदर्शित किया है। इंटरनेशनल सोलर अलायंस की स्थापना भारत और फ्रांस के सहयोग से की गई। इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। आज अनेक देश इस पहल से जुड़े हुए हैं। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य घोषित किया है। इसका अर्थ है कि जितना कार्बन उत्सर्जन होगा उतना ही अवशोषण या संतुलन भी किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में विशाल सौर ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित की गई हैं। भारत विश्व के सबसे बड़े सौर ऊर्जा उत्पादक देशों में तेजी से उभर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोलर पंप और सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है।




स्वच्छ भारत अभियान भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति, ठोस कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट नियंत्रण और स्वच्छता पर विशेष बल दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में कचरे के पृथक्करण तथा पुनर्चक्रण को बढ़ावा दिया जा रहा है। नगर निकायों को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। भारत सरकार ने एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्लास्टिक प्रदूषण आज विश्व की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। नदियों, समुद्रों और भूमि में प्लास्टिक कचरा पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए खतरा बन चुका है। भारत में प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक स्ट्रॉ, प्लास्टिक कटलरी और कई अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लागू किया गया है। लोगों को कपड़े और जूट के बैग उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नमामि गंगे कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय परियोजना है। इसका उद्देश्य गंगा नदी की स्वच्छता और संरक्षण है। इसके अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, घाट विकास, जैव विविधता संरक्षण और नदी प्रदूषण नियंत्रण पर कार्य किए जा रहे हैं। गंगा के साथ-साथ अन्य नदियों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वन संरक्षण और जैव विविधता बचाने के लिए भी अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। भारत में प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट तथा राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों का विस्तार किया गया है। बाघों की संख्या में वृद्धि भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। भारत विश्व के उन देशों में है जहाँ जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है। इसलिए वन्य जीवों और प्राकृतिक आवासों की रक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। जल संरक्षण के क्षेत्र में जल शक्ति अभियान, अटल भूजल योजना तथा अमृत सरोवर जैसी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। वर्षा जल संचयन, तालाब पुनर्जीवन, भूजल संरक्षण तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्निर्माण पर बल दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यावरण शिक्षा को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में महत्व दिया गया है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण पर्यावरण संबंधी मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप कर रहा है और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित कर रहा है। भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बढ़ावा दे रही है ताकि पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम हो तथा वायु प्रदूषण नियंत्रित किया जा सके। ख्न्रूश्च योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहनों पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अनेक शहरों में इलेक्ट्रिक बसों और चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार हो रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के संदर्भ में नवाचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आज पर्यावरण संरक्षण केवल पारंपरिक उपायों तक सीमित नहीं है, बल्कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से नए समाधान विकसित किए जा रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जलवायु पूर्वानुमान, ड्रोन द्वारा वृक्षारोपण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली, कार्बन कैप्चर तकनीक, जैविक पैकेजिंग और हरित भवन जैसी अवधारणाएँ तेजी से विकसित हो रही हैं। भारत में भी स्टार्टअप और वैज्ञानिक संस्थाएँ पर्यावरण अनुकूल तकनीकों पर कार्य कर रही हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर जन आंदोलन बने। यदि प्रत्येक नागरिक जल बचाए, बिजली बचाए, प्लास्टिक का उपयोग कम करे, वृक्ष लगाए और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करे तो पर्यावरण संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि पृथ्वी केवल मानव की नहीं बल्कि सभी जीवों की साझा धरोहर है। प्रकृति के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। इसलिए विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना ही मानव सभ्यता के सुरक्षित भविष्य का आधार है।

# कल्याण से महिला नेतृत्व वाले विकास तक

साल 2014 से 2026 के बीच, भारत ने सभी क्षेत्रों और संस्थानों में 'महिला कल्याण' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' पर ध्यान केंद्रित किया है। सरकार द्वारा अपनाए गए समग्र दृष्टिकोण ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पोषण, आजीविका, वित्तीय समावेशन और नेतृत्व के अवसरों तक महिलाओं की पहुंच को मजबूत किया है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), उद्यमिता और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों ने महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। स्वच्छता, आवास, स्वच्छ ईंधन और नल के स्वच्छ पानी तक बेहतर पहुंच ने गरिमा, सुरक्षा और जीवन की गुणवत्ता को मजबूत किया है। शासन, सार्वजनिक संस्थानों और निर्णय लेने में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है।

**भारत के विकास की गाथा के केंद्र में महिलाएं**

पिछले बारह सालों में, भारत में महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। पहले महिलाओं को केवल सहायता और समर्थन दिया जाता था, लेकिन अब महिलाओं की भागीदारी, उनके लिए अवसर और उनके नेतृत्व को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। महिलाओं को अब महज़ लाभार्थी के रूप में नहीं देखा जाता। वे विकास और प्रगति को आकार देने में अहम भूमिका निभा रही हैं। यह बड़ा परिवर्तन जीवन चक्र के सभी चरणों में लाए गए नए बदलावों की मदद से मुमकिन हो पाया है। ये प्रयास बालिकाओं के संरक्षण और शिक्षा से शुरू होते हैं और स्वास्थ्य, पोषण, कौशल, उद्यमिता और नेतृत्व तक जारी रहते हैं। अब जोर सतत् भागीदारी और मापने योग्य परिणामों पर है। ये बदलाव आज सभी क्षेत्रों में दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान में अधिक लड़कियां स्कूलों में रह रही हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। वित्तीय समावेशन ने महिलाओं की बैंकिंग और ऋण तक पहुंच का विस्तार किया है, जिससे उनकी आजीविका और आर्थिक स्वतंत्रता भी मजबूत हुई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और स्वच्छ खाना पकाने के लिए ईंधन तक बेहतर पहुंच ने गरिमा और जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। महिलाएं सार्वजनिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी अधिक सक्रिय हो रही हैं। स्थानीय शासन, सामुदायिक संस्थानों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

गरिमामय जन्म: संरक्षण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल

जन्म के समय की देखभाल बच्चे के जीवन और माँ के स्वास्थ्य की नींव रखती है। पिछले कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण सहायता और संस्थागत प्रसव प्रणालियों के ज़रिए मातृ एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल को मजबूत किया है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ: भारत की बेटियों को सशक्त बनाने का एक दशक

22 जनवरी 2015 को शुरू की गई यह योजना सरकार की एक पहल है। इसका मकसद घटते बाल लिंग अनुपात को संबोधित करना, भेदभावपूर्ण लिंग चयन को रोकना और बालिका के जीवन रक्षा, संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देना है। यह पहल संस्थागत प्रसव में सुधार, माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि, स्कूल छोड़ने की दर में कमी और प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता और प्रबंधन के बारे में जागरूकता को भी बढ़ावा देती है। यह योजना बालिका सशक्तिकरण के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हो गई है, जो मानसिकता परिवर्तन और लैंगिक समानता पर केंद्रित है। इस योजना में पीसीपीएनडीटी (गर्भाधान पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक) अधिनियम के सख्ती से लागू करने के लिए लिंग-भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए सतत् जन जागरूकता प्रयासों के साथ एकीकृत किया गया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) ने लिंग अनुपात में एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय बदलाव को दर्शाया है, जिसमें भारत की जनसंख्या में प्रति 1,000 पुरुषों पर 943 (जनगणना 2011) महिलाओं की तुलना में 1,020 महिलाएं दर्ज की गई हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)

मातृ स्वास्थ्य और शिशु देखभाल के महत्व को पहचानते हुए, पीएमएमवीवाई योजना 2017 में शुरू की गई थी। यह गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सहायता करने वाली मातृत्व लाभ योजना है। इस योजना के तहत, महिलाओं को पहले जीवित बच्चे के लिए दो किस्तों में ?5,000 और दूसरे बच्चे (केवल बालिका) के लिए ?6,000 मिलते हैं। भुगतान प्रारंभिक पंजीकरण, प्रसवपूर्व देखभाल और टीकाकरण जैसे प्रमुख स्वास्थ्य लक्ष्यों से जुड़े होते हैं। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण समय पर सहायता सुनिश्चित करते हैं, जिसमें गर्भपात/मृत जन्म के मामलों में नई पात्रता का प्रावधान है। यह सहायता आंशिक वेतन मुआवजे के रूप में भी कार्य करती है। इससे मातृ कल्याण में सुधार होता है, संस्थागत देखभाल को बढ़ावा मिलता है और लैंगिक समानता को आगे बढ़ाया जाता है।

प्रमुख पहुंच और कवरेज:

योजना की शुरुआत से अब तक नामांकित लाभार्थियों की संख्या: ?4.92 करोड़ (30 अप्रैल, 2026 तक)

योजना की शुरुआत से अब तक लाभार्थियों को भुगतान की गई राशि: ?4.28 करोड़ (30 अप्रैल, 2026 तक)

कुल भुगतान राशि: ?20,150 करोड़


राकची संगमा की सुरक्षित मातृत्व यात्रा

राकची एन. संगमा मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स के बेलपारा गांव में रहने वाली एक गृहिणी और छोटी किसान हैं, जो बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का भरण-पोषण कर पाती हैं। गर्भावस्था के दौरान आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं।

उन्होंने पीएमएमवीवाई योजना के तहत सहायता मांगी और सही समय पर उन्हें जरूरी राहत मिली। इस वित्तीय सहायता से उन्हें बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के पौष्टिक भोजन, नियमित प्रसवपूर्व जांच और आवश्यक चिकित्सा देखभाल मिल सकी। उचित देखभाल और निरंतर निगरानी के साथ, राकची ने एक स्वास्थ्य संस्थान में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए)

गर्भवती महिलाओं के लिए, समय पर चिकित्सा देखभाल एक सुरक्षित, स्वस्थ गर्भावस्था और गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों वाली गर्भावस्था के बीच महत्वपूर्ण अंतर ला सकती है। 2016 में शुरू किया गया पीएमएसएमए, हर महीने की 9 तारीख को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच प्रदान करके इस आवश्यकता को पूरा करता है। यह पहल विशेष रूप से दूसरी और तीसरी तिमाही की महिलाओं पर केंद्रित है। इससे उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की शीघ्र पहचान




और प्रबंधन संभव हो पाता है।

**मुख्य पहुंच और कवरेज:**

पीएमएसएमए योजना के तहत 7.4 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

8,812 स्वयंसेवक पंजीकृत

देशभर में 22 हजार से अधिक केंद्र पीएमएसएमए सेवाएं प्रदान कर रहे हैं

6.85 करोड़ से अधिक प्रसवपूर्व जांच की गई और 1.03 करोड़ उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान की गई, जिन पर विशेष निगरानी रखी गई

पीएमएसएमए ने उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं के लिए डिजिटल ट्रैकिंग और फॉलो-अप सहायता भी शुरू की है।

इससे मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है और यह प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 (2021-2023) हो गई है, जो 2014-15 में 130 थी।)

जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई)

जननी सुरक्षा योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सशर्त नकद सहायता और सामुदायिक सहायता प्रदान करती है। यह योजना गरीब गर्भवती महिलाओं, खास तौर पर बीपीएल परिवारों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में प्रसव के लिए प्रोत्साहित करती है, जबकि आशा कार्यकर्ता लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में मदद करती हैं। इन प्रयासों से संस्थागत प्रसवों में वृद्धि हुई है, मातृ स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार हुआ है और घर पर प्रसव से जुड़े जोखिम कम हुए हैं।

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके)

2014 में, जेएसएसके को गर्भावस्था की सभी प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर जटिलताओं तक विस्तारित किया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के लिए आने वाले सभी बीमार नवजात शिशुओं (एक वर्ष तक की आयु) के लिए भी इसी प्रकार के लाभ प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेएसएसके के लाभार्थी: 1.99 करोड़ गर्भवती महिलाएँ, 16.85 लाख बीमार शिशु

इन निवेशों का परिणाम निम्नलिखित में दिखता है:

गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल संबंधी जांचों की संख्या 59प्रतिशत (एनएफएचएस-4, 2015-16) से बढ़कर 76.2प्रतिशत (एनएफएचएस-6, 2023-24) हो गई।

राष्ट्रीय स्तर पर, चार या अधिक प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) जांचों को पूरा करने वाली महिलाओं का हिस्सा 51प्रतिशत (2015-16) से बढ़कर 65.2प्रतिशत (2023-24) हो गया।

राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत प्रसवों में खासी वृद्धि हुई है, जो 79प्रतिशत (2015-16) से बढ़कर 90.6प्रतिशत (2023-24) हो गई है।

शिक्षा, कौशल और महत्वाकांक्षी विकास

वर्ष 2014 से, लड़कियों की शिक्षा बुनियादी पहुंच से आगे बढ़ गई है। अब ध्यान निरंतरता, प्रगति और विभिन्न चरणों में सार्थक परिणामों पर केंद्रित है। अब अधिक लड़कियां स्कूल में रह रही हैं, उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और ज़रूरी कौशल हासिल कर रही हैं।

यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में निहित है। यह नीति उन संरचनात्मक बाधाओं को दूर करती है, जो पहले लड़कियों की शैक्षिक यात्रा को सीमित करती थीं। लैंगिक समावेशन को शिक्षा प्रणाली के मूल सिद्धांत के रूप में शामिल किया गया है।

लैंगिक समावेशन कोष वंचित लड़कियों को लक्षित सहायता प्रदान करता है।

समायोजित शिक्षण उपाय ड्रॉपआउट को कम करते हैं और निरंतर भागीदारी को प्रोत्साहित करते हैं।

बहुविषयक विकल्प लड़कियों को विविध शैक्षणिक रुचियों को आगे बढ़ाने की अनुमति देते हैं।

स्कूल और मूलभूत शिक्षा

समग्र शिक्षा और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

2018-19 में शुरू की गई समग्र शिक्षा, स्कूली शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है। यह पूर्व-प्राथमिक से लेकर कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा को एक व्यापक ढांचे के तहत एकीकृत करती है। इस योजना ने पूरी स्कूल व्यवस्था में पहुंच, बुनियादी ढांचे, डिजिटल शिक्षा और छात्रों के स्कूल में बने रहने को मजबूत किया है।

लड़कियों के लिए ये सुधार विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। आस-पास के स्कूल, चालू शौचालय, सुरक्षित कक्षाएँ, प्रशिक्षित शिक्षक और आवासीय सहायता, ये सभी कारक लड़कियों की शिक्षा को प्रारंभिक वर्षों के बाद भी जारी रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

2024-25 में, भारत में 14.71 लाख स्कूल, 1.01 करोड़ शिक्षक और 24.69 करोड़ छात्र थे। छात्राओं का नामांकन 2014-15 में 1.57 करोड़ (32प्रतिशत) से बढ़कर आज 11.93 करोड़ (48प्रतिशत) हो गया है।

वर्ष 2018-19 और 2025-26 के बीच, 4,073 से अधिक स्कूलों का उन्नयन किया गया। स्मार्ट क्लासरूम सहित 1.49 लाख से अधिक आईसीटी और डिजिटल शिक्षण पहलों को आगे बढ़ाया गया। कौशल शिक्षा में भी लगातार विस्तार हुआ। व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले विद्यालयों की संख्या 9,477 से बढ़कर 25,000 हो गई, जिससे छात्रों को प्रारंभिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता मिली।

आज स्कूलों की परिस्थितियाँ लड़कियों के लिए कहीं अधिक मददगार हैं। 2024-25 में:

99.3प्रतिशत स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध थी। 2014-15 में, 95.72प्रतिशत स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा थी।

97.3प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के शौचालय चालू थे। 2014-15 में, 92.09प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय की सुविधा थी।

93.6प्रतिशत स्कूलों में बिजली थी।

89.5प्रतिशत स्कूलों में पुस्तकालय थे।

समय के साथ स्कूली शिक्षा की निरंतरता में भी सुधार हुआ है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

इस मज़बूत व्यवस्था में, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), आवासीय शिक्षा की ज़रुरत वाली लड़कियों को लक्षित सहायता प्रदान करते हैं। ये समग्र शिक्षा ढांचे का हिस्सा हैं और विशेष रूप से शैक्षिक रूप से पिछड़े हिस्सों में सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य की लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कक्षा ङ्कङ्ख से ङ्घङ्कङ्ख तक की शिक्षा प्रदान करने वाले ये आवासीय विद्यालय छात्राओं को प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षा तक सीखने और आगे बढ़ने के लिए एक सहायक वातावरण प्रदान करते हैं।

केजीबीवी का व्यापक दायरा और विस्तार बेहद महत्वपूर्ण है:

कार्यरत केजीबीवी की संख्या 2022 में 4,996 से बढ़कर 2026 में 5,316 हो गई।

नामांकन 2020-21 में 6.07 लाख से बढ़कर 2025-26 में 7.58 लाख हो गया।

आवासीय विद्यालय से सिविल सेवा तक (उत्तर प्रदेश)

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में कुमारी निधि ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से अपनी शिक्षा की शुरुआत की। कई अन्य लड़कियों की तरह, उनका परिवार भी सीमित अवसरों वाला था। निरंतर सहयोग और एक केंद्रित शैक्षणिक वातावरण की वजह से उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और 2023 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 39वीं रैंक हासिल की। आज वे उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कामयाबी की यह यात्रा दिखाती है कि शिक्षा तक पहुंच और निरंतर सहयोग मिलने पर क्या कुछ मुमकिन हो सकता है।

विद्यालय के मैदान से विश्व मंच तक (उत्तर प्रदेश)

उन्नाव के केजीबीवी-गंज मुरादाबाद में अर्चना निषाद ने खेल में अपनी प्रतिभा को कम उम्र में ही पहचान लिया था। स्कूल स्तर पर भागीदारी से शुरू हुआ उनका सफर धीरे-धीरे एक गंभीर खेल में तब्दील हो गया। उन्होंने 2023 में क्रिकेट अंडर-19 महिला विश्व कप विजेता टीम में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनका यह सफर दर्शाता है कि सही समय पर मिलने वाला प्रोत्साहन कक्षा से परे भी कई रास्ते खोल सकता है।

छात्रवृत्तियाँ और वित्तीय सहायता

जैसे-जैसे अधिक लड़कियाँ स्कूली शिक्षा पूरी कर रही हैं, उच्च शिक्षा को सुलभ बनाए रखने के लिए वित्तीय सहायता महत्वपूर्ण हो जाती है। छात्रवृत्ति की सुविधाएं युवा महिलाओं को परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद कर रही हैं। कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मेधावी छात्राओं की मदद करती है। लगभग 50प्रतिशत छात्रवृत्तियाँ लड़कियों के लिए आरक्षित हैं। स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, जो 2023-24 में शुरू की गई थी, चयनित छात्रों को प्रति वर्ष ?1.5 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसमें प्रतिवर्ष 3,000 महिलाएँ शामिल हैं। एआईसीटीई प्रगति छात्रवृत्ति तकनीकी शिक्षा में अवसरों का और विस्तार कर रही है। 2014-15 से, इसने डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रतिवर्ष 10,000 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की हैं। 2024-25 तक, इस योजना के तहत लगभग 36 हजार छात्राओं को लाभ मिला।

# आहार दान देने से भव्य जीव तीर्थंकर श्री शांति नाथ बनेः आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

गणिनी आर्यिका श्री सुपार्श्र्वमति जी की समाधि स्थली श्री चन्द्रप्रभ जिनालय में वात्सल्य वारिधी पंचम पट्टाधीश 108 आचार्य श्री वर्धमान सागर जी चंद्रप्रभ जिनालय में 36 साधु को सहित ग्रीष्म कालीन वाचना हेतु विराजित है। प्रतिदिन चुड़ीवाल परिवार ओर प्रातः कालीन विद्यार्थियों पचपन के ऊपर द्वारा प्रवेश दिनांक से चन्द्र पूरी में चातुर्मास हेतु श्रीफल चढ़ाया जाता हैं मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने श्याम नगर तथा अन्य कॉलोनी से पवन कुमार गंगवाल ,कमल कुमार चांदवाड़ ,विनोद कुमार पांड्या ,प्रदीप कुमार चूड़ीवाल ,सुरेश सबलावत ,रवींद्र कुमार पाटनी,पुखराज बाकलीवाल ,शैलेष सोगानी ने आचार्य श्री के कक्ष में अध्ययन प्राप्त किया धीरे धीरे यह धर्म की बयार,धर्म की गंगा में भक्तों की संख्या सैकड़ों हो गई। दोपहर से



किशनगढ़ के सैकड़ों भक्तों ने वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु निवेदन किया आज आर्यिका श्री पद्मयश मति जी ने केश लोचन किए ।वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रातः दान का महत्व और व्यसन के दुष्परिणामों को बताया दान- अपने और पर के उपकार के लिए चतुर्विधसंघ (मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका) को जो दान दिया जाता है, वह दान कहलाता है डा राजेश पंचोलिया,श्री सुरेश सबलावत,श्री भाग चंद चूड़ीवाल के अनुसार आचार्य श्री वर्धमान सागरजी ने दान के चार प्रकार में बताया कि आहार दान,औषधदान,.ज्ञानदान, अभयदान होते हैं मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका आदि उत्तम, मध्यम, जघन्य पात्रों को यथाशक्ति नवधा भक्तिपूर्वक सप्तगुण सहित जो दान दिया जाता है वहआहार दान है। श्रीषेण राजा आहार दान में प्रसिद्ध हुए हैं। श्रीषेण राजा ने श्री अमित ओर श्री अरिंजय मुनिराज को आहार दान दिया, पुण्य से भोग भूमि में देव होकर मनुष्य गति में 16 वे तीर्थंकर श्री शांतिनाथ हुए। रोग को दूर करने के लिए शुद्ध निर्दोष औषधि से उपचार करना औषधिदान है औषधि दान में सेठ पुत्री वृषभसेना प्रसिद्ध को प्राप्त हुई इस दान के फल स्वरुप उसे सर्वोषधी रिद्धि प्राप्त हुई जिसके प्रभाव से उसके स्नान के जल से सभी भयंकर रोग और विष दूर हो जाते थे ।शास्त्र दान के प्रभाव पुण्य से ग्वाला बाद में जिनवाणी के पारंगत श्रुत केवली श्री कुंद कुंद आचार्य हुए ।जीवो को भय से निकालना, उनकी रक्षा करना,और भवन आदि बनवाना अभय दान है अभय दान में सुकर प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ ।व्यसन बुरी आदतों को व्यसन कहते हैं। व्यसन अर्थात् खोटी, बुरी आदत जो आत्मा के स्वरूप को भुला दे तथा आत्मा का कल्याण न होने दें, उसे व्यसन कहते हैं ।व्यसन सेवन करने वाले व्यसनी कहलाते हैं ।व्यसन सात होते हैं- जुआ खेलना, मांस खाना,शराब पीना,वेश्या गमन, शिकार खेलना,चोरी करना, परस्त्री सेवन करना। धन, सम्पत्ति, रुपये-पैसे आदि से हार-जीत की शर्त लगाकर किसी भी खेल को खेलने की आदत, जुआ खेलना व्यसन कहलाता है ।यह सभी व्यसनों का मूल पाप की खान है। जुआ व्यसन में पाण्डव प्रसिद्धि को प्राप्त हुए।

# कामना, वासना और इच्छा अभिलाषा के रहते हुये प्राण चले जाये तो वह मृत्यु है

- और प्राण के रहते हुये कामना, वासना, इच्छा अभिलाषा निकल जाये तो वह मूक्ति है..! अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज



**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** श्री आदेश्वर पार्श्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कुशलगढ़ बांसवाड़ा राजस्थान। अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज की अहिंसा संस्कार पदयात्रा पुष्पगिरी की और चल रही है उसी श्रृंखला में आज श्री आदेश्वर पार्श्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कुशलगढ़ मैं उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि। मैं देख रहा हूं - आज जितनी सुख सुविधा मिल रही है, आदमी को वह उतना ही ज्यादा दु:खी परेशान नजर आ रहा है। जबकि अतीत में इतनी सुख सुविधाएं नहीं थी, फिर भी लोग सुख शान्ति आनंद प्रेम का जीवन जीकर मुस्कुरा रहे थे और आज सब कुछ होते हुए भी आदमी तनाव ग्रस्त होकर जीवन जी रहा है।

इसका एक ही कारण है - जो है पर्याप्त है, उसका सुख नहीं भोग रहे हैं, बल्कि जो नहीं मिला है उसके दु:ख में आदमी मरा जा रहा है। समझदारी इसी में है जो प्राप्त है, उसका आनंद लो और समय का सदुपयोग करो।

आज सब कुछ होने के बाद भी आदमी चिन्तित, परेशान नजर आ रहा है। जितने भौतिक सुख संसाधन बढ़ रहे हैं, उतनी ही परेशानियां बढ़ती नजर आ रही है। समभाव, सन्तोष, सदुपयोग से हर वस्तु सुख दे सकती है अन्यथा मिली हुई भौतिक सुख सुविधाओं के दुरूपयोग से आदमी जीते जी मर रहा है। क्योंकि मन की असन्तुष्टी, ना जीने देती है ना मरने।

# आचार्य पदारोहण - सहस्त्रावधान - तपस्या महोत्सव
## गुरुभगवंतों का भव्य मंगल प्रवेश, तीन दिन विवेकानंद नगर में

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर में आगामी 16 से 18 जून 2026 तक बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में त्रिरत्न-महायज्ञ के रूप में भव्य जैन धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय महोत्सव में देशभर से जैन समाज के श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन को लेकर सकल जैन श्री संघ एवं आचार्य पदारोहण - सहस्त्रावधान - तपस्या महोत्सव समिति द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

महोत्सव से पूर्व 31 मई 2026 को संत एवं साध्वियों के मंडल का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। संत-साध्वियों का रायपुर की सीमा में पदार्पण हो चुका है, जिससे सकल जैन समाज में उत्साह का माहौल है। इस दौरान उनका नगर भ्रमण जारी है और इसी क्रम में विवेकानंद नगर में गुरू भगवंतों का प्रवचन जारी है और लोग



बड़ी संख्या में यहां जुट रहे हैं।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील पारख और महासचिव अशोक कांकरिया ने बताया कि मानव मिलन संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्रसंत डां. प.पू. श्रीमणिभद्र मुनि म.सा. आदि ठाणा 3 इस समय शिकारबीजा (साजा) में है, इसी बीच समिति ने उनसे तीन दिवसीय आचार्य पदारोहण - सहस्त्रावधान - तपस्या महोत्सव में पधारने की विनती की, जिसपर उन्होंने सहमति दे दी।

साधुगण को आमंत्रित करने साजा से छगन गोलछा, शिकारबीजा से कमलेश बागरेचा परिवार, लोहारा से सुनील कर्नावत परिवार, रायपुर से संजय नहाटा, संदीप बैद, अनिल कुछेरिया, विनय पटवा, दिलीप झांबड, मनोज कोठारी, राज बोथरा, अनिल दुग्गड़ पहुंचे थे। साथ ही बीजा, साजा, शिकारबीजा, सहसपुर लोहारा और रायपुर का संघ उपस्थित था।

# मेडिटेशन को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं : राज्यपाल डेका

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि मेडिटेशन (ध्यान) को जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। आज के तनावपूर्ण और व्यस्त जीवन में ध्यान मानसिक शांति, एकाग्रता और कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

लोक भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय ध्यान शिविर के दूसरे दिन राज्यपाल श्री रमेन डेका भी उपस्थित रहे। इस दौरान हार्टफुलनेस संस्था, अमलेश्वर से आए प्रशिक्षकों ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ध्यान की विभिन्न विधियों की जानकारी दी तथा उनका व्यावहारिक अभ्यास भी कराया।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और कार्यभार के कारण तनाव एक सामान्य समस्या बन गया है। ऐसे में ध्यान व्यक्ति को मानसिक



संतुलन बनाए रखने, तनाव कम करने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करने में सहायता करता है।

राज्यपाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रतिदिन कुछ समय ध्यान के लिए निकालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान का अभ्यास व्यक्ति के जीवन में आत्मिक संतोष, सकारात्मकता और अद्भुत आनंद का अनुभव कराता है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में बेहतर संतुलन स्थापित कर सकता है। शिविर में हार्टफुलनेस संस्था, अमलेश्वर के प्रशिक्षकों ने ध्यान के महत्व, उसकी प्रक्रिया और दैनिक जीवन में उसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को ध्यान के व्यावहारिक सत्र में शामिल कराकर उसका अनुभव भी कराया।

इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने राज्यपाल श्री डेका को मेडिटेशन और आत्मिक विकास से संबंधित पुस्तकें भी भेंट कीं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जन-जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा एवं विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक तथा नागरिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः 7ः30 बजे से 8ः30 बजे तक रायपुर के तेलीबांधा तालाब (मेरिन ड्राइव) के किनारे एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, विज्ञान सभा के सदस्यों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा शहर के जागरूक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। मानव श्रृंखला के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, नए पेड़-पौधे लगाने, लगाए गए पौधों को बचाने और उनका संवर्धन करने, जंगलों की रक्षा करने, जल संरक्षण तथा वायु प्रदूषण को कम करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा प्रकृति के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में योगदान दें। पर्यावरण सुधार और संतुलित विकास के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। आइए, हम सब मिलकर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लें।

# अधिकारियों को दिया गया 1076 सीएम हेल्पलाइन एंड सीएमएस का प्रशिक्षण

- समय सीमा में काम नहीं हुआ या परेशानी आ रही तो कर सकेंगे 1076 में शिकायत




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप लोगों की शिकायत व समस्या का त्वरित रूप से निराकरण कर राहत पहुंचाने के लिए 1076 सीएम हेल्पलाइन प्रारम्भ की जा रही हैं.

कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक लेवल के अधिकारियों के लिए वीडियो कांफ्रेंस से सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन त्वरित शिकायत निवारण हेतु एकीकृत मंच है तथा यह गुड गवर्नेंस की दिशा में राज्य शासन का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से नागरिकों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पाँच प्रमुख स्तंभों शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है।

# हाईटेक बस स्टैंड से बसों का संचालन कल से होगा शुरू

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगरवासियों का 8 वर्ष का लंबा इंतज़ार अब समाप्त होने जा रहा है क्योंकि पुराना बस स्टैण्ड अब नए हाईटेक बस स्टैण्ड में स्थानांतरित किये जाने हेतु रोड मैप पूर्ण हो चुका है नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 8 वर्षो का इंतजार अब खत्म हुआ है नवीन हाईटेक बस स्टैण्ड से बसों का संचालन अब 6 जून से प्रारंभ कर दी जायेगी। उन्होनें यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और भविष्य के विकास की दिशा में बस स्टैण्ड का संचालन को महत्तवपूर्ण कदम बताया। उन्होनें यातायात विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग सहित बस ऑपरेटर, टैक्सी चालकों से बैठक कर समन्वय स्थापित कर बस संचालन किये जाने



हेतु समन्वय स्थापित किया जा चुका है 8 वर्ष पहले बनकर तैयार हुआ हाईटेक बस स्टैण्ड के प्रारंभ होने से हमारे कवर्धा नगर की पहचान बढेगी।

उन्होनें कहा कि सभी के समन्वय से ही बस स्टैण्ड का संचालन होगा। अधिकारियो को भी निर्देशित किया गया है कि बस स्टैण्ड संचालन पूर्व यात्रियों की मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से किया जावें। ताकि बस स्टैण्ड में पहुंचने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। प्रेसवार्ता के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल भी उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि बस संचालन पूर्व बस स्टैण्ड परिसर में भगवान सत्यनारायण जी की कथा एवं हवन पूजन कार्यक्रम होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेगें।

गत दिवस अपने नपाध्यक्ष ने नगर पालिका टीम के साथ हाईटेक बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर अंतिम से रूप चल रहे कार्यो का जायजा लिया तथा कमियों को तत्काल पूरा करने निर्देशित किया गया था तथा आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी विभागवार पूर्ण करने को कहा।

शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव, सड़क सुरक्षा की चुनौती तथा भविष्य की शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शहर से बाहर बायपास मार्ग पर करोड़ों रुपये की लागत से आधुनिक हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। रायपुर मार्ग हो, पंडरिया मार्ग, बोडला मार्ग अथवा अन्य कोई रूट, बड़ी बसों के शहर के अंदर प्रवेश से यातायात बाधित होता है, जाम की स्थिति निर्मित होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# नेपाल-भारत मैत्री यात्रा एवं अंतर्राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी, पत्रकार सम्मेलन व साहित्योत्सव संपन्न

**काठमांडू (विश्व परिवार)।** अथाई मीडिया इंटरनेशनल व अखिल भारतीय जैन पत्र संपादक संघ की ओर से 10 दिवसीय नेपाल भारत मैत्री यात्रा के अंतर्गत 24 मई से 2 जून 26 तक नेपाल जैन परिषद के तत्वावधान में कमल पोखरी स्थित भगवान महावीर जैन निकेतन में अंतरराष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी व पत्रकार सम्मेलन का सफल आयोजन नेपाल जैन परिषद के अध्यक्ष श्री सुशील जैन की अध्यक्षता तथा आचार्य डॉक्टर लक्ष्मण पंथी कार्यकारी निदेशक नेपाल सरकार संस्कृति पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भगवान महावीर जैन निकेतन के अध्यक्ष श्री लोकमान्य गोलछा, श्री ज्योति कुमार बेगानी (पूर्व अध्यक्ष नेपाल जैन परिषद), श्री दिनेश कुमार नौलख( अध्यक्ष नेपाल श्वेतांबर तेरापंथ सभा), श्री



फूल कुमार लालवानी (अध्यक्ष नेपाल अणुव्रत समिति) व ज्योतिषविद् पिनारका मिस्त्री- मुंबई की उपस्थिति ने समारोह में चार चांद लगा दिए । स्थानीय समाज सेवियों में श्री सुभाष सेठी, श्री पंकज जैन और श्री सुमित जैन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह में अथाई मीडिया इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ जयेन्द्रकीर्ति स्वामी जी, संस्था के संस्थापक व निदेशक डॉ अखिल बंसल, जैन पत्र संपादक संघ के अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद जैन एवं कार्याध्यक्ष श्री अनिल जैन आईपीएस के साथ समागत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया । स्वागताध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सरावगी ने सभी आगत अतिथियों का रुद्राक्ष की माला पहनाकर और दुपट्टा उड़ाकर सम्मान किया। डा. अल्पना जैन ने सभी का परिचय प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर डॉ जयेन्द्र कीर्ति जी द्वारा नेपाली भाषा में अनूदित आचार्य श्री विद्यासागर जी की कृति %मूकमाटी% व आचार्य विशुद्ध सागर जी की कृति %वस्तुत्व महाकाव्य% के साथ प्राकृत और संस्कृत के अध्येता विद्वान डॉक्टर श्रीयांश कुमार जी की कृति %जोग सारो सहज योग ख्याति संस्कृत टीका का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया । डॉ. अखिल बंसल द्वारा संपादित पाक्षिक पत्र समन्वय वाणी के नेपाल यात्रा विशेषांक तथा जगदीश प्रसाद जी द्वारा संपादित जैसवाल जैन जागरण के नवीन अंक का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

विश्व के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब भारत के बाहर अन्य देश में इस प्रकार की संगोष्ठी, पत्रकार सम्मेलन व साहित्योत्सव जैसा कार्यक्रम एक साथ कराया गया हो। नेपाल जैन परिषद के श्री सुमित जैन ने कुशलता पूर्वक मंच संचालन किया ।

संगठन के संस्थापक व निदेशक डॉक्टर अखिल बंसल ने विस्तार से अथाई मीडिया इंटरनेशनल का परिचय दिया ।संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने दिए गए विषयों पर अपने सारगर्भित विचार रखे। विद्वत् संगोष्ठी का संचालन डॉक्टर राजीव प्रचण्डिया संपादक जय कल्याण श्री ने किया । डॉ जयेन्द्र कीर्ति स्वामी जी ने मूकमाटी एवं वस्तुत्व महाकाव्य पर प्रकाश डालते हुए अथाई मीडिया इंटरनेशनल से सभी को जुड़ने का आह्वान किया ।

# पर्यावरण संरक्षण पर रील्स/वीडियो बनाने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स जीतेंगे नकद इनाम

**आरंग (विश्व परिवार)।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए %पीपला वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़% ने एक बेहद अनूठा और आकर्षक जनजागरण अभियान शुरू किया है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया की ताकत को पहचानते हुए संस्था ने युवाओं और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पर्यावरण से जोड़ने के लिए एक %वीडियो बनाओ, इनाम पाओ प्रतियोगिता की घोषणा की है। जिसमें संस्था का मुख्य ध्येय वाक्य है- जब तक पौधा, पेड़ न बन जाए। तरु-मित्र बनकर फर्ज निभाएं।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए सुनहरा मौका- इस अभियान के तहत कंटेंट क्रिएटर्स और रील्स बनाने वाले युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के महत्व पर केंद्रित




वीडियो बनाने होंगे। चयनित उत्कृष्ट वीडियो क्रिएटर्स को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। फाउंडेशन के सदस्यों का कहना है रील्स या वीडियो पूर्णतः पौधरोपण व संरक्षण पर आधारित 30 से 60 सेकंड के बीच होनी चाहिए ।वीडियो बनाने के बाद इसे अपने इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट करना होगा। पोस्ट करते समय #piplawelfarefoundation और facebook ÂÚU MediawyMedia पेज पर अनिवार्य रूप से टैग और कोलेप करना होगा ।आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी तरह से एक जनजागरण अभियान है। इसमें विजेताओं के चयन का सर्वाधिकार संस्था के पास सुरक्षित रहेगा और किसी भी स्तर पर कोई दावा-आपत्ति या चुनौती मान्य नहीं होगी ।यह प्रतियोगिता 1 से 15 जून तक रखा गया है ।आवश्यकता नुसार इसकी अवधि और पुरस्कार राशि बढ़ाई भी जा सकती है ।संस्था ने प्रदेश के सभी ऊर्जावान सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और पर्यावरण प्रेमियों से इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और धरती को हरा-भरा बनाने में अपना डिजिटल योगदान देने की अपील की है।

# दिनभर नगर में रहे विधायक रोहित साहू, कड़ी धूप में वार्ड-वार्ड पहुंचकर विकास कार्यों की ली जानकारी

### छिंद तालाब से एक सप्ताह में हटेगा अतिक्रमण, बस स्टैंड में बनेगा हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** नगर के विकास कार्यों को गति देने और वर्षों से लंबित मामलों के समाधान की दिशा में गुरुवार को राजिम विधायक रोहित साहू पूरे दिन नगर पालिका क्षेत्र में सक्रिय रहे। कड़ी धूप के बीच उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डों, तालाबों और सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों, सौंदर्यीकरण योजनाओं तथा नागरिक सुविधाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम जनों से रूबरू भी हुए साथ ही कई मामलों में अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सीएमओ श्रीमती संध्या वर्मा, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन सहित सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि और पालिका की टीम उनके साथ मौजूद थी।

औचक निरीक्षक के दौरान विधायक ने बस स्टैंड, छिंद तालाब, देवरनीन तालाब और नया तालाब सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने तीन वर्षों से अधूरे पड़े देवरनीन तालाब सौंदर्यीकरण कार्य पर नाराजगी जताते हुए नए सिरे से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं छिंद तालाब क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को एक सप्ताह के भीतर सीमांकन कर बेदखली की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश सीएमओ और तहसीलदार को दिए। इसके अलावा पिचिंग कार्य में टोवेल की ऊंचाई बढ़ाने और वॉर्ड 12 में नाली निर्माण के निर्देश दिए।

इसके पहले विधायक साहू ने बस स्टैंड स्थित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स और रिक्त भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां यात्रियों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही चार माह पूर्व आबंटित दो दुकानों के आबंटन को तत्काल निरस्त करने तथा कचहरी मार्ग स्थित एक दुकान को कुर्क कर खाली कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नया तालाब में चल रहे पिचिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पहले तालाब की सफाई और गंदगी हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तालाब से निकलने वाली मिट्टी के उपयोग के लिए आवश्यक अनुमति एवं रॉयल्टी प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कराने को कहा। इस दौरान आशीष शर्मा, सागर मयाणी, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, अमित बखरिया, सुमित पारख, पार्षद विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, मधु देवांगन, खेम सिंह बघेल, पुष्पा साहू, सूरज सिन्हा, प्रतीक तिवारी, प्रतीक सिंह, प्रकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।।

**पात्र परिवारों को मिलेगी जमीन और आवास योजना का लाभ-** छिंद तालाब क्षेत्र में ग्रामीणों और कब्जाधारी परिवारों से चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि घास भूमि और तालाब क्षेत्र में निवासरत पात्र परिवारों का सर्वे कर उन्हें भूमि और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को इस इस नंबर में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई परिवारों के घर पहुंचकर उनकी स्थिति जानी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल 32 पात्र परिवारों को लाभ दिया जाएगा।

**विवादित और लंबित मामलों पर होगी व्यापक जनसुनवाई-** निरीक्षण के बाद विधायक रोहित साहू ने कहा कि नगर के लंबे समय से लंबित और विवादित मामलों का समाधान अब व्यापक जनसुनवाई के माध्यम से किया जाएगा। इसमें नालंदा परिसर की भूमि आबंटन, पुराने अस्पताल भवन का नगर पालिका को हस्तांतरण, जिला अस्पताल एवं कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण तथा किसान राइस मिल की भूमि को आबादी भूमि घोषित करने जैसे विषय शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित जनसुनवाई में सांसद, विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पार्षद, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल होंगे। इसके लिए शीघ्र ही सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाएगी।

**मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकास को मिलेगी नई गति : रोहित साहू**

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर को सुंदर, सुव्यवस्थित और नागरिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा जनता से जुड़े वर्षों पुराने मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भादूविप्रा ने सागर और रायगढ़ शहरों में मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए मार्च 2026 के महीने के दौरान मध्य प्रदेश एलएसए के तहत सागर और रायगढ़ शहरों में किए गए इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा के द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (छ्रु) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) मानदंडों के लिए टीएसपी के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं( को अपनी सेवाओं में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है।

2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी टीएसपी के स्थलीय मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके रीयल टाइम में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

### वोडाफोन आइडिया ने मेटा प्लेटफार्म्स का इस्तेमाल करने वाले वी के यूज़र्स को वैरिफिकेशन का सुरक्षित, फास्ट एवं सहज अनुभव प्रदान करने के लिए मेटा के साथ की साझेदारी

**मुंबई:** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, वोडाफोन आइडिया ने आज वी के यूज़र्स के लिए मेटा प्लेटफॉर्म्स व्हॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साइलेन्ट मोबाइल वैरिफिकेशन क्षमताएं लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे लाखों यूज़र सुरक्षित, सहज एवं पासवर्ड रहित डिजिटल अनुभव पा सकेंगे। साइलेन्ट मोबाइल वैरीफिकेशन एक सुरक्षित, नेटवर्क आधारित आथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी है जो यूज़र के मोबाइल नंबर को बैकग्राउंड में ही वैरिफाय कर देती है। इसके लिए यूज़र को न तो वैरिफ़िकेशन क्रेडेंशियल मैनुअली डालने पड़ते हैं, न ही ऐप्स के बीच स्विच करना पड़ता है, और न ही वैरिफ़िकेशन मैसेज का इंतज़ार करना पड़ता है। जब भी वी का यूज़र वी मोबाइल नेटवर्क पर व्हॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करता है, तो वैरिफ़िकेशन की रिक्वेस्ट सीधे टेलीकॉम नेटवर्क के ज़रिए वैरिफाय हो जाती है, जिससे यूज़र को एक तेज़ और बिना किसी रुकावट वाला अनुभव मिलता है। वी के यूज़र्स को नए यूज़र रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नंबर वैरिफ़िकेशन, लॉग-इन और री-लॉग-इन, अकाउंट रिकवरी और सिक्योरिटी चैक के दौरान ऑथेंटिकेशन जैसी स्थितियों में एसएमवी-सपोर्टेड अनुभव मिल सकते हैं। यानि इससे ऑनबोर्डिंग तेज़ी से होगी, रुकावटें कम होंगी, बाधाएं कम होंगे, मैनुअल स्टैप कम होंगे, और फ़िशिंग एवं डिजिटल पहचान से जुड़े जोखिमों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी।

### एचडीएफसी बैंक का 'परिवर्तन' कार्यक्रम पूरे उत्तर भारत में 3.26 लाख एकड़ से ज़्यादा खेत को पराली जलाने से बचाने में बना मददगार

**मुंबई:** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, एचडीएफ़सी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के ज़रिए, सीआईआई फाउंडेशन के साथ मिलकर, अपनी 'फ़सल अवशेष प्रबंधन' (सीआरएम) पहल में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। 2025 के सीज़न में, पंजाब और हरियाणा के कुल 3,78,425 एकड़ खेतों में से 88 फ़ीसदी खेतों को पराली जलाने से बचाया गया। पंजाब के लुधियाना और संगरूर ज़िलों, और हरियाणा के फ़तेहाबाद ज़िले के 380 से ज़्यादा गांवों के 86,000 किसानों तक पहुँचने वाला यह कार्यक्रम, उत्तर भारत में खेती से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए निजी क्षेत्र की एक व्यापक और असरदार कोशिश है। धान की कटाई के बाद पराली जलाना, उस गंभीर वायु प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक है जो हर सर्दियों में पूरे उत्तर भारत को अपनी चपेट में ले लेता है। इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और दिल व फेफड़ों की पुरानी बीमारियाँ और भी बढ़ जाती हैं। लगभग 1/3 एकड़ खेत में पैदा होने वाली एक टन धान की पराली को जलाने से वातावरण में तीन किलोग्राम 'पार्टिकुलेट मैटर' (बारीक कण) घुल जाते हैं, साथ ही ज़मीन से ज़रूरी पोषक तत्व भी खत्म हो जाते हैं। 2025 में पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 53 फीसदी की कमी आने के बावजूद, छोटे और सीमांत किसानों को आज भी मशीनें हासिल करने और दो फ़सलों के बीच के कम समय में फ़सल के अवशेषों का प्रबंधन करने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## शहर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने महापौर संजय पाण्डे अपनी टीम के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करने निकले



**जगदलपुर:-** शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने महापौर संजय पाण्डे अपनी टीम के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करने निकले। इस दौरान उन्होंने धरमपुरा में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर जगदलपुर के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। यहां अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा ज्ञानवर्धन से जुड़ी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

महापौर श्री पाण्डे ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है। धरमपुरा में बन रहा नालंदा परिसर विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराएगा तथा यह परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह परिसर युवाओं को अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक बनेगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। महापौर ने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके बाद महापौर अपने टीम के साथ धरमपुरा पहुंचे। जहाँ पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अमृत योजना के तहत रोड कटिंग कर पाइप जोड़ने एवं तेतरकुटी की टंकी से पानी सप्लाई करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने महापौर अपने सहयोगियों एवं अधिकारियों के साथ कार्यस्थल पहुंचे थे और मौके पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से पाइपलाइन विस्तार कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नई पाइपलाइन बिछने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। महापौर श्री पाण्डे ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। पेयजल व्यवस्था को मजबूत करना निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसी उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति से जुड़ी अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई पाइपलाइन के माध्यम से भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जल वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है जिससे नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। इस दौरान महापौर ने कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया और अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## अभेद किला बरकरार: इंदिरा वार्ड उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी की ऐतिहासिक जीत,भाजपा को 436 वोटों से दी करारी मात

### धन,बल और सत्ता के दुरुपयोग के बाद भी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बस्तर राजा और महापौर नहीं बचा पाए अपनी साख: सुशील मौर्य

### वार्ड की देवतुल्य जनता ने ऐतिहासिक जनादेश देकर दिवंगत पूर्व पार्षद रशीद खान को दी सच्ची श्रद्धांजलि।

### वरिष्ठ कांग्रेसजनो का सहयोग, कर्मठ कार्यकर्ताओं की शशक्त मेहनत का परिणाम



**जगदलपुर।** इंदिरा वार्ड नगर निगम उपचुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर अपना परचम लहराते हुए अपने इस अभेद किले को बरकरार रखा है। बेहद उतार-चढ़ाव और कड़े मुकाबले के बीच कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भारतीय जनता पार्टी भाजपा के प्रत्याशी को 436 मतों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी है। कांग्रेस की इस शानदार और एकतरफा जीत से कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

इस ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस उपचुनाव को जीतने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बस्तर महाराज और नगर निगम के महापौर समेत पूरी सरकारी मशीनरी ने चुनाव प्रचार में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था।भाजपा नेताओं ने चुनाव जीतने के लिए धन, बल, सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का खुला दुरुपयोग किया। इसके बावजूद वे इंदिरा वार्ड की जागरूक जनता को डिगा नहीं पाए। जनता ने भाजपा के अहंकार और दमनकारी राजनीति को नकारते हुए कांग्रेस के किए हुए विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है।

सुशील मौर्य ने आगे कहा कि इंदिरा वार्ड की जनता के दिलों में आज भी पूर्व पार्षद दिवंगत रशीद खान की यादें और उनके द्वारा किए गए कार्य जिंदा हैं। वार्ड की देवतुल्य जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी के पक्ष में एकतरफा मतदान कर वास्तव में अपने चहेते पूर्व पार्षद रशीद खान को एक सच्ची और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। यह जीत रशीद खान के अधूरे सपनों और वार्ड के विकास को आगे बढ़ाने की जीत है।

साथ ही इस बड़ी सफलता का श्रेय संगठन की मजबूती को देते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि शहर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में, चुनाव प्रभारीद्वय के कुशल मार्गदर्शन और समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की दिन-रात की सशक्त मेहनत, बूथ स्तर की रणनीति और एकजुटता के कारण ही आज कांग्रेस ने इस गढ़ को सुरक्षित रखा है। कांग्रेस का एक-एक सिपाही इस जीत का हकदार है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य और नवनिर्वाचित पार्षद रामकृष्ण तिवारी ने इंदिरा वार्ड की देवतुल्य जनता, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, और अग्रिम संगठन के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार और धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि इंदिरा वार्ड के विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा और जनता के इस भरोसे पर कांग्रेस हमेशा खरी उतरेगी।

## 09.45 लाख के गांजे संग दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

### अमलीपदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 18.900 किलो गांजा, बाइक और मोबाइल जब्त



**गरियाबंद,** । जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमलीपदर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उड़ीसा से गांजा तस्करी कर ला रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18.900 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत 9 लाख 45 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 जून को थाना प्रभारी अमलीपदर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक सिल्वर रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (ष्ठत्न-04-रु-2550) में भारी मात्रा में गांजा लेकर उड़ीसा से अमलीपदर क्षेत्र की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम बिरीघाट के पास नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन की जांच शुरू की।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की। आरोपियों ने अपना नाम हीरालाल केवर्त (29 वर्ष) एवं टीकम टोलटिया (36 वर्ष) निवासी ग्राम मोहरा, थाना चांदाहांडी, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) बताया।

तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 18.900 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे के अलावा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन भी जब्त किए। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 9 लाख 89 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जब्त सामग्री

18.900 किलोग्राम अवैध गांजा ङ्क कीमत 9.45 लाख रुपये

हीरो एचएफडीलक्स मोटरसाइकिल ष्ठत्न-04-रु-2550

02 मोबाइल फोन

कुल जब्ती ङ्क लगभग 9.89 लाख रुपये

गिरफ्तार आरोपी

हीरालाल केवर्त (29 वर्ष), ग्राम मोहरा, थाना चांदाहांडी, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा)

टीकम टोलटिया (36 वर्ष), ग्राम मोहरा, थाना चांदाहांडी, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, **OEM & Authorized Dealer /Channel partner** for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
| --- | --- | --- |
| 26/SE E/M/ (I Call) System Tender No..192303 OEM & Authorized Dealer /Channel partner For Form B (Item Rate Basis) | Providing Comprehensive annual maintenance and repairing work of 63 No. lift machines installed at various residential blocks in Sec-27 , Sec-29 , New CM house and Transit Hostel Under PWD E/M Sub Division Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.) (Approved Make – Kone/T.K.E./ESKAY) | Rs 104.24 Lacs |

**Date of bid submission** 23-06-2026

The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-262701177/3

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

### 35 वर्षों का इंतजार हुआ खत्म : सपेरा बस्ती में साकार हो रहा पक्के घरों का सपना

# सीएम विष्णु देव साय ने भीखमपुरा में निर्माणाधीन पीएम आवासों का किया निरीक्षण, सुनी समस्याएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड स्थित ग्राम भीखमपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने सपेरा बस्ती में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवनयापन कर रहे सवरा (सपेरा) जनजाति के परिवारों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन करते हुए कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि विकास और जनकल्याण का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को सभी स्वीकृत आवासों और अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे पिछले लगभग 35 वर्षों से कच्चे घरों में रहकर जीवनयापन कर रहे थे।प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब उनका पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। हितग्राहियों ने कहा कि पहली बार उन्हें अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक आवास में रहने की उम्मीद मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने दिव्यांग हितग्राही रमाबाई सिदार को बैसाखी प्रदान कर उनकी सहायता की तथा बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनसे आत्मीय बातचीत की। मुख्यमंत्री की सहजता और अपनत्व से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि भीखमपुरा की सपेरा बस्ती में 68 परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास, सीसी रोड तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है।

# नगर निगम ने एवरग्रीन चौक से चिकनी मन्दिर तक मुख्य मार्ग को किया कब्जामुक्त



- नागरिकों को त्वरित सुगम आवागमन हुआ सुलभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 नगर निवेश विभाग की टीम ने एवरग्रीन चौक शास्त्री बाजार से चिकनी मन्दिर मालवीय रोड तक मार्ग को जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को मार्ग पर सुगम आवागमन देने आज नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश और नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही, नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह, सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन, उप अभियंता श्री हिमांशु चंद्राकर सहित अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में अभियान चलाया और एवरग्रीन चौक से लेकर चिकनी मन्दिर तक लगभग 30 दुकानों के सामने मार्ग पर रखे गए सामानों को हटाया और उक्त सम्बंधित लगभग 30 दुकानदारों पर कुल 30 हजार रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए किया. नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम के अभियान के बाद उक्त मार्ग एवरग्रीन चौक से चिकनी मन्दिर तक कब्जामुक्त होने पर यहां सभी के लिए आवागमन सुगम बन गया.

# आयुक्त ने खुर्सीपार में सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, अवैध बाउंड्रीवाल पर होगी कार्रवाई



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तावित सड़क निर्माण, नालियों की सफाई व्यवस्था तथा अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने तथा सड़क पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध बाउंड्रीवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने सम्राट अशोक चौक से खुर्सीपार बस्ती एवं गुरुद्वारा मार्ग होते हुए खुर्सीपार थाना के पीछे स्थित वार्ड तक प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की नालियों की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

आयुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएए ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान यह भी सामने आया कि कुछ स्थानीय नागरिकों द्वारा अपने घरों के सामने अवैध रूप से बाउंड्रीवाल निर्माण कर लिया गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है और आवागमन प्रभावित हो रहा है। आयुक्त ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का पहला मैच रायपुर रायनोंस ने जीता



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून 2026 से 14 जून 2026 तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। लीग का पहला दिनांक 03 जून 2026 को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रायपुर रायनोज तथा राजनांदगांव पैंथर्स के मध्य खेला गया। राजनांदगांव पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया।

रायपुर रायनोस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 228 रनों का विशाल स्कोर बनाया। रायपुर रायनोस की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने 55 गेंदों में 11 चौकों तथा 3 छक्कों की मदद से 102 रनों की शानदार पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त अमित कुमार यादव ने 45 गेंदो में 85 रनों की शानदार पारी खेली। अमनदीप तथा अमित के मध्य पहले विकेट के लिये 147 रनों की साझेदारी हुयी। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से सत्यम दुबे ने 2 विकेट प्राप्त किये। 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स की शुरुवात खराब रही। राजनांदगांव की पुरी टीम 16 ओवरों में 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। राजनांदगांव की ओर से कप्तान अजय मंडल ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुये 74 रन बनाये। उनके अतिरिक्त किसी भी बल्लेबाज ने बडी पारी नहीं खेली। रायपुर रायनोंस की ओर से गौरव चर्तुवेदी ने 4 विकेट, आशिष चौहान तथा प्रशांत साई पैकरा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

# जनता को चाहिए समाधान, न कि केवल घोषणाएंः इकराम



**रायपुर(विश्व परिवार)।** नगरीय निकायों में पहले से ही 1100 एवं कलेक्टर शिकायत नंबर (99772 22574) जैसी व्यवस्थाएँ संचालित हैं। इसके साथ ही प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सुशासन तिहार के माध्यम से भी आमजन अपनी समस्याएँ शासन-प्रशासन तक पहुँचाते हैं। किन्तु जमीनी हकीकत यह है कि इन सभी माध्यमों के बावजूद आम जनता की समस्याओं का संतोषजनक एवं समयबद्ध निराकरण नहीं हो पा रहा है। शिकायतें दर्ज तो होती हैं, परन्तु उनका समाधान अधूरा रह जाता है या लंबित पड़ा रहता है, जिससे आमजन में निराशा का माहौल बनता जा रहा है। ऐसी स्थिति में 9 जून को मुख्यमंत्री शिकायत समाधान ङ्क 1076 के शुभारंभ की घोषणा की गई है।* यह पहल स्वागतयोग्य हो सकती है, किन्तु बड़ा प्रश्न यह है कि जब पूर्व से संचालित व्यवस्थाएँ ही प्रभावी नहीं हो सकीं, तो क्या मात्र एक नया हेल्पलाइन नंबर जोड़ देने से समस्याओं का वास्तविक समाधान हो पाएगा? जनता को नए-नए नंबरों की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान व्यवस्था की आवश्यकता है। यदि पूर्व में संचालित प्रणालियों की कमियों का निराकरण नहीं किया गया, तो यह नई पहल भी केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

# शहरों और गांवों की जनता ने भाजपा को नकार दिया: कांग्रेस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर निगमों तथा नगर पंचायतों एवं पंचायतों के उपचुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन शानदार रहा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के शहरों और गांवों की जनता ने भाजपा को नकार दिया। पंचायतों के उपचुनाव के विभिन्न पदों पंचों, जनपदों में कांग्रेस के 543 समर्थित प्रतिनिधि चुनाव जीते है। जगदलपुर, बिलासपुर, कांकेर निगम के वार्डो में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीते है। अंतागढ़ के वार्ड में कांग्रेस चुनाव जीती है। नगर पंचायतों में घुमका और पलारी नगर पंचायत में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीते है। नगर पंचायतों 30 वार्डो में भी कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीते है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष का पद भले भाजपा जीती लेकिन 8 पार्षद कांग्रेस के जीत कर आये। कांग्रेस वहां भी चुनाव जीतकर आई। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि तमाम सरकारी मशीनरी लगाने के बाद तथा सत्ता बल धन बल का उपयोग करने विपक्षी प्रत्याशियों को डराने धमकाने के बाद आये। यह चुनाव परिणाम बताते है राज्य में अब भाजपा का अवसान शुरू हो गया है।

# 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए टॉपर्स फेलिसिटेशन समारोह 5.0 का आयोजन करेगा कलिंगा विश्वविद्यालय




**रायपुर (विश्व परिवार)।** सीजीबीएसई विद्यार्थियों के लिए हाल ही में आयोजित टॉपर्स फेलिसिटेशन समारोह 5.0 के माध्यम से सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रेरित करने के बाद कलिंगा विश्वविद्यालय अब सीबीएसई एवं आईसीएसई कक्षा 12 के मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 6 जून 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में एक और भव्य सम्मान समारोह आयोजित करने जा रहा है।

शैक्षणिक उत्कृष्टता, छात्र विकास एवं करियर उन्नति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध कलिंगा विश्वविद्यालय लगातार युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देने का कार्य कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों को सम्मानित करना है, साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा एवं करियर के नए अवसरों से परिचित कराना भी है। कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 80त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 95त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलिंगा विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु 100% तक की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जो उनके उच्च शिक्षा के सफर को और अधिक सशक्त बनाएगा।

छात्रवृत्ति के अतिरिक्त चयनित टॉपर्स को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र (Certificates) एवं विशेष सम्मान पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे यह समारोह उनकी सफलता का यादगार उत्सव बन सके।

समारोह में प्रेरणादायक सत्र, करियर मार्गदर्शन, छात्र सहभागिता गतिविधियाँ एवं कैंपस एक्सपोज़र कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अध्यक्ष प्रत्याशी रितेश जायसवाल सहित 7 पार्षद प्रत्याशी विजयी

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की शानदार जीत



**सूरजपुर (विश्व परिवार)।** शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्री रितेश जायसवाल ने शानदार विजय प्राप्त की है। साथ ही भाजपा समर्थित 7 पार्षद प्रत्याशी भी विजयी हुए हैं।

चुनाव परिणाम के बाद पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों द्वारा जीत का जश्न मनाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एवं आतिशबाजी कर खुशी व्यक्त की। वहीं कांग्रेस को इस चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

इस चुनाव में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा किए गए व्यापक डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। क्षेत्र की जनता ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े पर विश्वास जताते हुए उनके आग्रह पर कमल फूल छाप पर मतदान कर भाजपा को समर्थन दिया।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस जीत का श्रेय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, समर्पित कार्यकर्ताओं एवं शिवनंदनपुर की देवतुल्य जनता को दिया है। उन्होंने सभी विजयी अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा की यह जीत विकास, सुशासन और जनविश्वास की जीत है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिवनंदनपुर नगर पंचायत क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे तथा जनता की अपेक्षाओं पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाएगा।

# बजट प्रावधान क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की महापौर ने ली बैठक




**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज बजट प्रावधान क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एवं निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में बजट प्रावधानों पर बिन्दुवार चर्चा कर दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्री यादव ने बैठक में कहा की गत वित्तीय वर्ष के दीर्घकालीन योजनाएं जो प्रगतिरत है उन्हें आगे बढ़ाकर पूरा करना है इसी प्रकार इस वर्ष के प्रावधानों का भी क्रियान्वयन करना है। उन्होने कहा की सभी प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, सभी अधिकारी प्रावधान अनुसार स्थानीय एवं शासन स्तर पर प्रक्रिया करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रावधानों का लाभ जनता को मिल सके। उन्होने बिन्दुवार सभी प्रावधानों के संबंध में प्रभारी अधिकारियो से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि कुछ प्रावधानों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमे निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत तीन शाला में निर्धन छात्राओं के वार्षिक शुल्क के लिए प्राचार्यो को राशि दी गयी है, वार्डों में डस्टबिन वितरण किया जा रहा है, मस्ती की पाठशाला का हर रविवार को आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा गंजपारा अंग्रेजी माध्यम स्कुल का जीर्णोध्दार किया गया, सड़क चैड़ी करण व उन्नयन कार्य, मंदिरों का जीर्णोध्दार, हाईमास्क लगाने के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

आयुक्त ने कहा की काम्पलेक्स निर्माण के लिए पुराने भवन तोड़ने सामान्य सभा से स्वीकृति उपरांत आगे की प्रक्रिया की जा रही है। पाईप लाईन विस्तार टंकी निर्माण जल सयंत्र गृह मरम्मत के लिए शासन स्तर पर तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता को भेजा गया है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए उचित स्थल का चयन कर प्रक्रिया करें ताकि वर्षाऋतु में पौधरोपण किया जा सकें।

इसके अलावा व्यवसायिक परिसर निर्माण, तालाब संरक्षण व सौंदर्यीकरण, उद्यान संरक्षण, चैक चैराहों का सौंदर्यीकरण, प्रतिमा स्थापना, क्रिकेट टर्फ का निर्माण, महिला हाट बाजार व महिला प्रसाधन, डाग शेल्टर आदि प्रावधानों के अलावा अन्य प्रावधानों के लिए शासन की अधोसरचना, पर्यावरण उपकर निधि, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्गत प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें तथा जिन प्रस्तावो को शासन को भेजा गया है, शासन स्तर पर उसकी स्थिति की जानकारी लेकर अवगत करावे, जिससे आगे की प्रक्रिया की जा सके। उन्होने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया करें ताकि प्रवाधनों का क्रियान्वयन होकर धरातल पर काम दिख सके।

# आयुक्त संबित मिश्रा ने निगम के सभी बड़े बकायादारों से वसूली के दिए निर्देश




**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री संबित मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल समयसीमा की बैठक लेकर विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर सम्बंधित निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.साप्ताहिक टी एल समयसीमा की बैठक में नगर निगम अपर आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू, श्री पंकज के शर्मा, श्री विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता श्री संजय बागड़े, जोन कमिश्नरों, उपायुक्तगणों, कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं की उपस्थिति रही. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को नगर निगम रायपुर के सभी बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर उनसे सम्पूर्ण बकाया राजस्व वसूलने नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने सभी 10 जोनों को मिलाकर प्रतिदिन एक करोड़ रूपये का राजस्व वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया है. आयुक्त ने दिनांक 30 जून 2026 तक सम्पतिकर की वर्ष 2026-27 हेतु अदायगी किये जाने पर सम्पति करदाताओं को 6.25 प्रतिशत की सम्पतिकर में छूट का लाभ प्रदान कर अधिकाधिक राजस्व वसूलने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरों को दिए हैँ. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों सहित समस्त जोनों के सम्पूर्ण राजस्व अमले को सनहाल की राजस्व वसूली पर निगम हित में लगातार फोकस करने के निर्देश दिए हैँ.

### अवैध खनिज परिवहन मामले में 9 वाहन जब्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खनिज विभाग ने अम्बिकापुर जिले के सीतापुर तहसील क्षेत्र में बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन कर रहे 9 वाहनों को जब्त किया है। सभी वाहनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें अग्रिम आदेश तक थाना सीतापुर की अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारी सीधे होंगे सस्पेंड: बृजमोहन

- जनता की समस्याओं का 7 दिनों में हो निराकरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल आज गोबरा नवापारा में आयोजित सुशासन तिहार (महाशिविर) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने कड़े लहजे में प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनता जनार्दन सर्वोपरि है और उनके काम में किसी भी प्रकार की हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मंच से ही दो टूक कहा कि शिविर में आए सभी विभागों के आवेदनों का निराकरण हर हाल में 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। जो भी विभाग इस समय-सीमा में काम नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी।

सुशासन तिहार के दौरान जब कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण में वन विभाग द्वारा आपत्ति लगाने और क्षेत्र के रेंजर के बिना किसी पूर्व सूचना के नदारद रहने की बात सामने आई, तो सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल का कड़ा रुख देखने को मिला। उन्होंने मंच से ही गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को संबंधित रेंजर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने (निलंबित करने) के निर्देश जारी किए। श्री अग्रवाल ने कहा कि जब सांसद और जिले के तमाम आला अधिकारी जनता की समस्या सुनने बैठे हैं, तो गैर-जिम्मेदार अधिकारियों की ऐसी मनमानी और लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में जब हरिहर हाई स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जे और नवापारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की आरक्षित भूमि का हस्तांतरण साल 2013-14 से अटके होने का मामला सामने आया, तो सांसद ने तत्काल मंच पर ही पटवारी, आरआई और तहसीलदार को तलब किया। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, सरकारी जमीन किसी के बाप की नहीं है, यह जनता और सरकार की संपत्ति है। उन्होंने एसडीएम और प्रशासनिक अमले को निर्देश दिया कि अगले 3 दिनों के भीतर स्कूल की जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाए।

### नवापारा क्षेत्र को मली करोड़ों की विकास सौगातें

क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और आम जनता की सहूलियत के लिए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सुशासन तिहार के मंच से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। नगर पालिका कार्यालय का नया भवन नवापारा नगर पालिका के नए प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए 2 करोड़ की भव्य राशि का शिलान्यास किया गया। बेटियों की शिक्षा और सुविधा- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला नवापारा में अतिरिक्त कमरों (कक्ष) के निर्माण के लिए सांसद निधि से तत्काल 10 लाख स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही, कन्या शाला में भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल संकट को दूर करने के लिए 7 दिनों के भीतर नया बोरिंग और पंप चालू करने के कड़े निर्देश दिए।

# पेट्रोल-डीजल की कमी से ऑटोमोबाइल व्यवसाय प्रभावित
## राडा प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कलेक्टर से की मुलाकात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति में आ रही कमी का असर अब ऑटोमोबाइल व्यवसाय पर भी पड़ने लगा है। इसी विषय को लेकर रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कलेक्टर श्री गौरव कुमार एवं श्री कीर्तिमान राठौर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नई दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की डिलीवरी के समय प्रत्येक वाहन में 2 से 5 लीटर पेट्रोल अथवा डीजल डालना आवश्यक होता है। इसके अलावा शोरूम एवं सर्विस संचालन के लिए उपयोग किए जाने वाले जनरेटरों में भी डीजल की आवश्यकता पड़ती है। वर्तमान में ईंधन की सीमित उपलब्धता के कारण वाहन डिलीवरी एवं व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

RADA पदाधिकारियों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि ऑटोमोबाइल डीलर्स को ड्रम अथवा कैन के माध्यम से पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि ग्राहकों को समय पर वाहनों की डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर श्री गौरव कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समस्या का शीघ्र समाधान करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा ऑटोमोबाइल उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर RADA की ओर से श्री अमर पारवानी, श्री विवेक गर्ग, श्री कैलाश खेमानी एवं श्री अभिनव ऋषि उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर को मर्ज करके रायपुर - गोंदिया मेमू पैसेंजर के नाम से चलाई जाएगी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यात्रियों की सुविधा, बेहतर रेल कनेक्टिविटी एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 68721 रायपुर -डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर और गाड़ी संख्या 68723 डोंगरगढ़ -गोंदिया मेमू पैसेंजर को 08 जून 2026 से मर्ज करके गाड़ी संख्या 68723 रायपुर -गोंदिया के नाम से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 68723 रायपुर - गोंदिया मेमू पैसेंजर रायपुर से 19꞉00 रवाना होकर 19꞉04 बजे सरस्वती नगर, 19꞉09 बजे सरोना, 19.16 बजे कुम्हारी, 19.25 बजे देवबलोदा चरोदा, 19.34 बजे भिलाई, 19.39 बजे भिलाई पावर हाउस, 19.44 बजे भिलाई नगर, 20.20 बजे दुर्ग, 20.30 बजे रसमडा, 20.37 बजे मुड़ीपार, 20.44 बजे परमालकसा,20.50 बजे राजनंदगांव, 21꞉01 बजे बाकल, 21꞉08 बजे मुसरा, 21 14 बजे जटकन्हार, 21.35 बजे डोंगरगढ़, 21.46 बजे पनियाजाब, 21.57 बजे बोरतलाव, 22.05 बजे, दरेकसा, 22.19 सालेकसा, 22.28 बजे धनौली, 22.34 बजे आमगांव, 22.43 बजे गुदमा, 23.15 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

# आभार मित्रों का में गूंजेगी सेवा की गौरवगाथा
## तीन राज्यों के रोटेरियन रायपुर में होंगे 7 जून को एकत्र



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 के समापन अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह "आभार मित्रों का" का आयोजन रविवार, 7 जून 2026 को रायपुर स्थित होटल बेबीलोन कैपिटल में किया जा रहा है। इस समारोह में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के विभिन्न रोटरी क्लबों से जुड़े 500 से अधिक रोटेरियन भाग लेंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद Vivek Krishna Tankha होंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को विशेष प्रतिष्ठा प्रदान करेगी।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित यह समारोह पूरे वर्षभर रोटरी के सात प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों, नवाचारों एवं समाजहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्लबों एवं रोटेरियन्स को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत आने वाले 100 से अधिक रोटरी क्लबों के अध्यक्षों, सचिवों एवं सदस्यों ने वर्षभर शिक्षा, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु कल्याण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, रोग निवारण, सामुदायिक एवं आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवा कार्य किए हैं। इन कार्यों के मूल्यांकन के उपरांत विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

# स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत जनता के विश्वास की जीत: देव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रदेश के स्थानीय निकाय उपचुनावों और अध्यक्ष पदों पर मिली शानदार जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए जनता और कर्मठ कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। श्री देव ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और हमारी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन को चुना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कवर्धा जिले के सहसपुर लोहारा मेंअध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा ने 762 वोटों के बड़े अंतर से एकतरफा और शानदार जीत दर्ज की है। इसी प्रकार सूरजपुर जिले के शिवनंदनपुर नगर पंचायत में भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए अध्यक्ष पद पर रितेश जायसवाल को 362 वोटों के अंतर से विजयी बनाया है। श्री देव ने कहा कि बम्हनीडीह, सहसपुर लोहारा और शिवनंदनपुर नगर पंचायत में मिली यह जीत दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर जनता कांग्रेस के खोखले वादों को पूरी तरह समझ चुकी है।

# क्रोशिया आर्ट प्रशिक्षण आकार 26 का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** क्रोशिया आर्ट में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी, संस्कृति विभाग के तत्वाधान में आकार 2026 का आयोजन 25.5.26 से 9.6.26 तक घासीदास संग्रहालय में किया जा रहा है जिसमें बच्चे, युवा व बुजुर्ग भी 20 से अधिक विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

ऐसी ही एक विधा है क्रोशिया जिसमें कला गुरू सीमा रायज़ादा द्वारा 70 युवाओं को ट्रेंडी मोबाइल बैग, टी कोस्टर, लेडीज़ बैग, की चेन, खिलौने आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जो रोजगारन्मुखी है भविष्य में युवा इन आइटमों को विक्रय कर सकते है।

क्रोशिया से बने सामानों की मांग महानगरों में बढ़ रही है और आनलाइन पोर्टल में विभिन्न आइटम विक्रय हेतु उपलब्ध है।

# नियमों की सही जानकारी ही व्यापार का सुरक्षा कवच: सतीश थौरानी

- चेम्बर भवन में आयोजित कार्यशाला में सी.ए. टीम ने दी ई-वे बिल के नए प्रावधानों की रीयल-टाइम ट्रेनिंग,



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिनांक 4 जून 2026 को चैधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं छत्तीसगढ़ सीमेंट मर्चेंट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जीएसटी के ई वे बिल एवं बिल टू शिफ्ट टू से संबंधित नए नियमों को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जीएसटी के ई वे बिल एवं बिल टू शिफ्ट टू से संबंधित नए नियमों के प्रति व्यापारियों को जागरूक करना था।इस अवसर पर हाल ही में भारत सरकार प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में कनाडा के सफल व्यापारिक प्रवास से लौटे चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी का सीमेंट मर्चेंट्स एसोसिएशन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल-श्रीफल से आत्मीय अभिनंदन किया गया।

कार्यशाला में सीए टीम के सभी सदस्यों ने ई वे बिल एवं बिल टू शिफ्ट टू से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक और कानूनी पहलुओं पर अपने अलग-अलग विचार साझा किए। चेम्बर वाईस चेयरमेन सी.ए. चेतन तारवानी ने बिलिंग प्रक्रियाओं पर जोर देते हुए जानकारी दी कि ई-वे बिल के नियमों में आ रहे बदलावों का मुख्य उद्देश्य टैक्स चोरी रोकना है, लेकिन सही जानकारी के अभाव में ईमानदार व्यापारी भी फंस जाते है बिल टू-शिप टू के मामलों में यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि पार्ट-ए और पार्ट-बी की प्रविष्टियां बिल्कुल सटीक हों, ताकि रास्ते में गाड़ी पकड़े जाने की नौबत न आए। इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और मिलान पर बात रखते हुए कहा कि नए नियमों के तहत यदि बिलिंग एड्रेस और डिलीवरी एड्रेस में जरा सी भी तकनीकी गड़बड़ी होती है।




**विकास-गाथा** भाजपा सरकार में हर घर तक पहुंच रही विकास की रोशनी

# विधायक भावना ने विद्युत उप केंद्र का किया लोकार्पण





**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** सेवा,सुविधा और विकास के संकल्प के साथ पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आज ग्राम उड़ियाखुर्द (कारेसरा) में क्षेत्रवासियों की एक और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए 2 करोड़ 38 लाख 13 हजार रुपए की लागत से निर्मित नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत उप केंद्र का लोकार्पण किया। भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से जनता को मिली इस सुविधा से क्षेत्रवासियों में हर्ष दिखाई दिया। इस नवीन विद्युत उप केंद्र की स्थापना से कारेसरा, उड़ियाखुर्द, उड़ियाकला, दनिया, बनिया, बिरनपुर, बुधवारा, खपरी, सलिहा एवं बचेड़ी सहित आसपास के ग्रामों के 1300 से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान होगा, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी। विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से अब तक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 5 विद्युत उप केंद्र की स्थापना की स्वीकृति मिली है जिसके अंतर्गत 2 करोड़ 39 लाख की लागत से ग्राम बिरनपुर (गांगपुर), 2 करोड़ 38 लाख 13 हजार रुपए की लागत से उड़ियाखुर्द (कारेसरा) विद्युत् उप केंद्र का लोकार्पण उनके द्वारा किया जा चुका है वहीं ग्राम पौनी में 1 करोड़ 13 लाख 29 हजार, ग्राम कोयलारीडीह में 1 करोड़ 99 लाख 6 हजार एवं ग्राम भुवालपुर में 1 करोड़ 16 लाख 59 हजार की लागत से विद्युत् उप केंद्र निर्माणाधीन है जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा और क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पांडातराई को नवीन उप संभाग बनाया गया है।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में विकास को रोशनी हर घर और गाँव तक पहुँच रही है। भाजपा सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बिजली, सड़क, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को सुदृढ़ कर गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354